डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
21 मई 2025 बुधवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
36 अधिकतम
27 न्यूनतम



Page-7

## अहिल्याबाई होलकर की जन्म जयंती के मौके पर पीएम मोदी आएंगे

# मप्र में महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई बड़े ऐलान 31 को



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र सरकार फिर एक बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आतिथ्य की तैयारी में जुटी है। आज सुबह मुख्यमंत्री मोहन यादव न मुख्यसचिव अनुराग जैन, कलेक्टर और अन्य अफसरों के साथ मोदी के कार्यक्रम स्थल का मुआयना किया। मोदी का भोपाल दौरा ताजा परिस्थितियों में बहुत खास भी है, वे यहां 31 मई को आएंगे तथा देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती के मौके पर जंबूरी मैदान में महिला सम्मेलन में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में करीब एक लाख महिलाएं शामिल होंगी। सम्मेलन में पीएम मोदी लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर को समर्पित एक विशेष डाक टिकट और सिक्के का विमोचन करेंगे। पीएम मोदी के भोपाल दौरे को देखते हुए सीएम मोहन यादव ने दो दिन पहले भी मुख्यमंत्री निवास में बैठक की थी। जंबूरी पर सम्मेलन की खास बात यह होगी कि पूरी व्यवस्था महिलाओं के हाथों में होगी। मंच संचालन से लेकर भीड़ प्रबंधन, ट्रैफिक,



मीडिया और सुरक्षा तक का जिम्मा महिलाएं ही संभालेंगी। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि यह कदम महिला सशक्तिकरण की एक मजबूत मिसाल बनेगा। इस सम्मेलन के लिये राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में कुछ ठोस कदम उठाने की तैयारी में हैं, इस दौरान पीएम मोदी भी कुछ घोषणाएं कर सकते हैं।

बताया जाता है कि इस सम्मेलन में महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं और उपलब्धियों की झलक सम्मेलन में दिखाई जाएगी। स्व सहायता समूहों की ओर से स्टॉल में महिलाओं के स्टार्टअप, उद्योग, नवाचार और सेव सिटी प्रोजेक्ट जैसी पहल दिखाई जाएंगी। उल्लेखनीय है कि अहिल्याबाई ने सुशासन व महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में काफी काम किया था। मप्र सरकार उनको आदरांजलि के तौर पर महेश्वर में कैबिनेट बैठक कर चुकी है फिर कल ही इंदौर में राजवाडा पर भी कैबिनेट बैठक हुई थी अब इस कडी में तीसरा बडा आयोजन भोपाल में हो रहा है।

### भोपाल प्रोजेक्ट अटका



## इंदौर मेट्रो को हरी झंडी दिखाएंगे मोदी

**भोपाल।** राजधानी भोपाल व इंदौर शहरों में वर्ष 2018 में एक साथ शुरू होने वाली मेट्रो परियोजना इंदौर में जनता के लिए लगभग तैयार हो चुकी है और माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को भोपाल से ही इंदौर मेट्रो रेल सेवा का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। वहीं, भोपाल मेट्रो को अभी सितंबर तक इंतजार करना पड़ सकता है। इंदौर के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर में 5 किमी के रूट पर पांच स्टेशन बन चुके हैं। जबकि भोपाल में अब तक कई अहम काम अधूरे पड़े हैं। भोपाल में पहले मेट्रो रूट सुभाष नगर से रानी कमलापति तक 5 किमी तय था, जिसे बाद में बढ़ाकर एम्स तक 8 किमी कर दिया गया। अब स्टेशन की संख्या भी 8 हो गई है। तीन प्रमुख स्टेशन एम्स, अलकापुरी व डीआरएम पर एंट्री-एग्जिट और फिनिशिंग अधूरी है। सुभाष नगर डिपो का कंट्रोल रूम भी तैयार नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 31 मई को भोपाल आगमन के संबंध में जंबूरी मैदान में जारी तैयारियों का मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अफसरों के साथ निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मोदी यहां महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### मेट्रो व तुर्किए कनेक्शन की जांच

**भोपाल।** इंदौर और भोपाल में मेट्रो के ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम लगाने वाली तुर्किए की कंपनी 'असिस गार्ड' की जांच के आदेश दे दिये गये हैं। बताया जाता है कि एक साल पहले कंपनी ने 53 स्टेशनों में सिस्टम लगाने के लिए 186.52 करोड़ रुपए में ठेका लिया था। इसी कंपनी को लेकर अब सियासत गरमाई हुई है। नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा- इसी कंपनी के ड्रोन पाकिस्तान ने भारत पर गिराए थे। खास बात यह है कि यह विरोध उस समय आया है, जब इंदौर में मेट्रो के कमर्शियल रन को 10 दिन बचे हैं। कंपनी ने इंदौर और भोपाल के 5-5 स्टेशनों पर सिस्टम भी लगा दिए हैं।

### एसआईटी ने वीडियो व एफआईआर कब्जे में ली

## शाह मामले की जांच शुरू एसआईटी पहुंच रही इंदौर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राज्य के कैबिनेट मंत्री विजय शाह इंदौर की राजवाड़ा कैबिनेट बैठक से अनुपस्थिति के बाद अब उनके बेलगाम बयान की जांच कर रही एसआईटी आज वहां पहुंच रही है। तीनों जांच अधिकारी बैठक करेंगे और जांच की दिशा तय होगी। इसके पहले एसआईटी में शामिल सागर आईजी प्रमोद वर्मा, भोपाल एसएएफ के डीआइजी डी कल्याण चक्रवर्ती और डिंडौरी एसपी वाहिनी सिंह ने एफआईआर व उस वीडियो को अपने कब्जे में ले लिया है जिसमें मंत्री विजय शाह कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक बयान देते सुनाई दे रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक एसआईटी ने शाह को बयान लेने के लिए बुलाने की भी तैयारी कर ली है। जानकारों का मानना है कि जब सुप्रीम कोर्ट में



रिपोर्ट पेश पेश होंगी और सुनवाई होंगी तब-तब पार्टी की किरकिरी होगी। क्योंकि अब मामला पक्ष-विपक्ष का नहीं रह गया है, बल्कि देश की सेना, मंत्री शाह के बीच का बन गया है। सूत्रों के मुताबिक सत्ता व संगठन को भी यह बात समझ में आ रही है, जिसे देखते हुए मंत्री शाह के इस्तीफे के अवसर खोजे जा रहे हैं। माना जा रहा है कि जितना नुकसान आदिवासियों से नहीं होगा, उससे कहीं ज्यादा देशभर में सेना और उनके परिवार के सदस्यों से हो सकता है। इधर कैबिनेट में गैरहाजिर रहने वाले शाह के बारे में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि उन्हें व्यक्तिगत काम होंगे, इसलिए नहीं गए। जबकि उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी से छूट दे रखी है। इसके पहले भी शाह सत्ता व संगठन द्वारा बुलाई वर्चुअल पाठशाला में नहीं थे।

### बलूचिस्तान में आत्मघाती हमला

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान के खुजदार में कराची-क्वेटा नेशनल हाईवे पर जीरो प्वाइंट के पास एक स्कूल बस में धमाका हुआ जिसमें चार बच्चों की मौत हो गई जबकि 38 अन्य घायल हो गए. बताया जा रहा है कि बस आर्मी स्कूल की बस थी। यह घटना नेशनल हाईवे पर एक प्रमुख जंक्शन, व्यस्त जीरो प्वाइंट क्षेत्र के आसपास घटित हुई. डीसी खुजदार ने कहा कि विस्फोट आत्मघाती हमला था।

### 59 सांसदों के 7 समूह व 33 देश

## कूटनीतिक मिशन पर सांसदों की रवानगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारत के बड़े कूटनीतिक अभियान के तहत आज विभिन्न सियासी दलों के 59 सांसद ऑपरेशन सिंदूर का मकसद और पाकिस्तान का असल चेहरा दुनिया को बताने के लिए अलग अलग देशों में रवाना हो रहे हैं। है। यह सांसद विश्व की 33 राजधानियों में जाएंगे। यह 59 सांसद 7 सर्वदलीय टीमों में बंटे हैं। उनके साथ 8 पूर्व राजनयिक भी रहेंगे। आज दो डेलिगेशन रवाना होंगे, जिनमें कुल 17 सांसद हैं। एक की अगुआई जेडीयू सांसद संजय झा व दूसरे का नेतृत्व शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे करेंगे। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कल दो सत्र में सांसदों को इस पहल के बारे में ब्रीफिंग दी थी। सूत्रों के मुताबिक, इसमें ऑपरेशन सिंदूर का बैकग्राउंड और डिप्लोमैटिक एवं सैन्य कार्रवाई के पांच बड़े संदेश इन 33 देशों तक पहुंचाने पर जोर दिया।



### दुनिया को 5 बड़े संदेश

■ विदेशों में भारत द्वारा आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस का संदेश दिया जाएगा। बताया जाएगा कि आपरेशन सिंदूर आतंकी गुटों और उनके ढांचों के खिलाफ था। आतंकी अड्डों को नपी-तुली कार्रवाई में निशाना बनाया गया। सांसद कुछ सबूत लेकर जा रहे हैं, जिनमें वो बताएंगे कि पहलगाम हमले में पाक समर्थित आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की भूमिका थी। भारत ने सैन्य कार्रवाई में भी जिम्मेदारी और संयम का परिचय दिया। यह सुनिश्चित किया कि पाक के किसी निर्दोष नागरिक की जान न जाए। सांसद इन देशों से आतंकवाद के खिलाफ खुलकर आवाज उठाने और इससे निपटने के लिए सहयोग व समर्थन भी मांगेंगे।

## प्रो खान को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को सुप्रीम कोर्ट ने राहत दे दी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तार प्रोफेसर को जमानत दी लेकिन जांच पर रोक लगाने से



इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित करने का निर्देश देते हुए यह भी कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी है लेकिन अभी ही टिप्पणी क्यों, प्रोफेसर मेहमूदाबाद की ओर से कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट में दलीलें दीं। सिब्बल ने प्रोफेसर की पूरी पोस्ट पढ़कर सुनाने के बाद कहा कि यह अत्यंत देशभक्ति से भरा हुआ बयान है।

### अबूझमाड़ इलाके में बड़ा ऑपरेशन, एक जवान शहीद

## 1 करोड़ के ईनामी समेत 30 नक्सली ढेर

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ इलाके में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) जवानों और माओवादियों के बीच चल रहे एक बड़े अभियान में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। इस मुठभेड़ में अब तक 30 माओवादी ढेर हो चुके हैं, जिनमें एक करोड़ रुपये का इनामी शीर्ष माओवादी बसव राजू भी शामिल है। नारायणपुर जिले में अबूझमाड़ के जंगल में आज बुधवार सुबह सुरक्षाबलों ने 30 से ज्यादा नक्सलियों को मार गिराया है। 20 के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में बड़े कैडर



के भी नक्सली शामिल हैं। बताया जाता है कि पुलिस को सूचना थी कि अबूझमाड़ के बोटेर में नक्सलियों का पोलित ब्यूरो सदस्य और नक्सल संगठन का महासचिव बसवा राजू मौजूद है। जो डेढ़ करोड़ का इनामी है। राज्य के उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस बड़ी कामयाबी की पुष्टि करते हुए बताया कि इस ऑपरेशन में एक जवान बलिदान व एक अन्य जवान घायल हुआ है।अबूझमाड़ को माओवादियों का अभेद्य गढ़ माना जाता रहा है। इस सफलता से क्षेत्र में माओवादी गतिविधियों पर लगाम लगने और उनके नेटवर्क को बड़ा नुकसान पहुंचने

## मानसून की मजबूत आहटें, भारी बारिश के दौर

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने आज भी 24 राज्यों में आंधी-बारिश और तूफान का अलर्ट जारी किया है। इसमें कर्नाटक, केरल, गुजरात, गोवा में भारी बारिश की चेतावनी है। कल मंगलवार को भी इन राज्यों में तेज बारिश हुई थी। आज



राजस्थान में अलवर, भरतपुर समेत 16 जिलों में बारिश और 10 जिलों में हीट वेव है। मप्र 40 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। वहीं ग्वालियर-चंबल सहित 8 जिलों में लू चलने के आसार है। उधर बिहार के सुपौल में आकाशीय बिजली गिरने से 2मौत हो गई तो बोकारो में बिजली गिरने से 3 और नदी में डूबने की घटनाओं में 4 लोगों की मौत हो गई।

## डॉ.मेहता को राहत, एफआईआर रद्द

**जबलपुर।** मप्र हाई कोर्ट ने व्यापमं पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा से जुड़े बहुचर्चित मामले में डॉ. अजय शंकर मेहता के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करते हुए उन्हें बड़ी राहत दी है। मेहता के खिलाफ 2015 में सीबीआई और एसटीएफ द्वारा मामला दर्ज किया गया था। न्यायालय ने वरिष्ठ अधिवक्ता अजय गुप्ता द्वारा प्रस्तुत तर्कों को स्वीकार करते हुए स्पष्ट किया कि मेहता का नाम केवल दो अभ्यर्थियों से जोड़ा गया, किसी आर्थिक लेनदेन, लाभ या साजिश का प्रमाण नहीं मिला, व्यापमं अधिकारियों से बातचीत मित्रवत संबंधों पर आधारित थी। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि यदि सीबीआई के आरोप मान भी लिए जाएं, तब भी कोई दंडनीय अपराध सिद्ध नहीं होता।

### आज का कार्टून




-साभार माधव जोशी

### मेट्रो एंकर

### पूर्व पीएम राजीव की 34वीं पुण्यतिथि, राहुल, मोदी खरगे ने दी श्रध्दांजलि

# मेरे पास ऑप्शन नहीं, मैं तो वैसे भी मारा जाऊंगा....

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारत को आईटी युग में लाने व इक्कीसवीं सदी का सपना दिखाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की आज 34वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दिल्ली के वीर भूमि पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि दी। राहुल 'X' पर पापा के साथ बचपन की फोटो शेयर की व लिखा- पापा, आपकी यादें हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन करती हैं। आपके अधूरे सपनों को पूरा करके रहूंगा। 'वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- मैं हमारे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधीजी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। खड़गे ने लिखा- राजीवजी ने करोड़ों भारतीयों में नई उम्मीद जगाई। ममता बनर्जी ने उन्हें दूरदर्शी, सच्चा नेता बताया।



राजीव के बारे में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने अपनी किताब 'द टर्बुलेंट ईयर्सः 1980-96' में लिखा है, '31 अक्टूबर 1984 को राजीव गांधी पश्चिम बंगाल के कोंटाई में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुझे पुलिस वायरलेस पर मैसेज मिला कि इंदिरा गांधी पर जानलेवा हमला हुआ है और राजीव को लेकर तुरंत दिल्ली पहुंचें। मैंने राजीव को चुपचाप एक पर्ची दी। उसमें लिखा था कि अपना भाषण छोटा कीजिए, हमें तुरंत दिल्ली चलना है। राजीव ने ऐसा ही किया और भाषण समाप्त होते ही मुझसे पूछा कि क्या हुआ? मैंने बताया कि इंदिराजी पर हमला हुआ है। तब गनी खान चौधरी ने अपनी मर्सेडीज कार हमें दी और कहा कि इससे जल्दी पहुंच पाएंगे। उल्लेखनीय है कि इसके बाद जब राजीव दिल्ली पहुंचे तो इंदिरा के निधन का एलान हुआ। मुखर्जी ने लिखा- 'मै राजीव को विमान के पिछले हिस्से में ले गया। उनसे कहा कि आपको ही पीएम बनना होगा। उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या- आपको लगता है मैं मैनेज कर लूंगा? मैंने कहा- हां, हम सब आपकी मदद के लिए मौजूद हैं। आपको सभी का फुल सपोर्ट मिलेगा। उधर पूर्व राज्यपाल पीसी अलेक्जेंडर अपनी किताब 'माय डेज विद इंदिरा गांधी' में लिखा है कि 'सोनिया अचानक अपने पति को लेकर खुदगर्ज हो गई थीं। पहले वो रिक्वेस्ट कर रही थीं। फिर वो राजीव से झगड़ने लगीं कि तुम पीएम नहीं बनोगे। अगर तुम पीएम बने तो वो तुम्हें भी मार डालेंगे। इसके जवाब में राजीव ने कहा था- मेरे पास ऑप्शन नहीं है, मैं तो वैसे भी मारा जाऊंगा..।'



### हम सभी किसी पत्थर की तरह बैठे रहे

मुखर्जी लिखते हैं, 'हम कोंटाई से निकले तो राजीव ने कहा कार मैं चलाऊंगा, लेकिन हमने उन्हें ऐसा करने से मना कर दिया। रास्ते में राजीव पीछे मुड़े और अपने सुरक्षा गार्ड से पूछा कि वीआईपी सिक्योरिटी गार्ड जो बंदूकें चलाते हैं, उनकी बुलेट कितनी ताकतवर होती है तो उसने कहा सर वे बहुत पावरफुल होती हैं। रुंआसे राजीव मेरी तरफ मुड़े और बोले- क्या मेरी मां इन गोलियों की हकदार थीं। हममें से किसी के मुंह से बोल नहीं फूटे और हम पत्थर की तरह बैठे रहे।

### विजन डॉक्यूमेंट 2047 में सरकार ने तय किए लक्ष्य

# जीएसडीपी 250 लाख करोड़ व प्रति व्यक्ति आय 22 लाख होगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) को मोहन सरकार वर्ष 2047 तक 2 ट्रिलियन डॉलर यानी 250 लाख करोड़ रुपए और प्रति व्यक्ति आय 22 लाख रुपए की जाएगी। यह लक्ष्य विजन डॉक्यूमेंट में तय किए है। अभी प्रदेश की जीएसडीपी 15.03 लाख करोड़ और प्रति व्यक्ति आय 1.60 लाख रुपए है। लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर सीएम डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद ने इंदौर के राजवाड़ा में मंगलवार को विकसित मध्यप्रदेश-2047 पर मंथन किया। जिसमें मुख्य सचिव अनुराग जैन भी शामिल रहे। अपर मुख्य सचिव संजय कुमार शुक्ल ने प्रजेंटेशन दिया।

एसीएस संजय कुमार शुक्ल ने प्रजेंटेशन में बताया कि विजन डॉक्यूमेंट-2047 में एक समृद्ध मध्यप्रदेश की परिकल्पना की है, जो कि सभी के सामूहिक प्रयासों से संपन्न, सुखद और सांस्कृतिक मध्यप्रदेश की नींव पर निर्मित होगा। एसीएस ने मंत्रिपरिषद के सदस्यों को बताया कि विजन डॉक्यूमेंट- 2047 में अल्पकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्यों के बारे में विस्तृत रूप से 8 थीमैटिक समूह बनाए है, जिनमें उद्योग, कृषि एवं संबंधित क्षेत्र तथा वनोत्पाद, सेवाएं और अधोसंरचना एवं नगरीय विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुशासन एवं नागरिक सेवाएं प्रदाय और वित्तीय नियोजन एवं संवर्धन शामिल है। एक उच्च स्तरीय समिति का गठन भी किया जाना है। राज्य के सभी विभागों की योजनाओं, लक्ष्यों व काम आधारित बिंदुओं की डिजिटल ट्रैकिंग की जाएगी एवं लाइव डैशबोर्ड बनाया जाएगा।



### मोहन सरकार ने ये लक्ष्य भी तय किए

- राज्य की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। कृषि जीएसडीपी में 43 फीसद योगदान देता है और सेवाएं और उद्योग क्रमशः 36 फीसद व 21 फीसद योगदान देते हैं। 2047 तक उद्योगों और स्टार्टअप को बढ़ावा देकर, रोजगार के अवसर सृजित कर अर्थव्यवस्था को संतुलित करते हुए जीएसडीपी में कृषि का योगदान 24-28 फीसद, उद्योग का योगदान 21-25 फीसद और सेवाओं का योगदान 49-53 फीसद तक लाने के प्रयास होंगे।
- सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में काम करते हुए प्रति व्यक्ति औसत आयु को 67.4 वर्ष से बढ़ाकर 2047 तक 84 वर्ष से अधिक करने का लक्ष्य था। साथ ही साक्षरता दर को 75.2 फीसद से बढ़ाकर 2047 तक 100 फीसद साक्षरता दर हासिल की जाएगी।
- ऊर्जा के श्रेत्र में कुल ऊर्जा स्त्रोत में नवीकरणीय ऊर्जा का प्रतिशत 22.5 से बढ़ाकर 75 फीसद से अधिक किया जाएगा।

## सूरज के तीखे तेवर, जनता परेशान





भोपाल समेत जिलों में इन दिनों सूरज के तीखे तेवर देखने को मिल रहे हैं। राजधानी भोपाल, ग्वालियर-चंबल, खजुराहो समेत कई जिलों में सुबह से ही गर्मी अपना रूप दिखा रही है। हालात ऐसे हो जाते हैं कि लोगों को बाहर भी निकलना मुश्किल में हो रहा है। चित्र में भी ऐसा ही कुछ देखने को मिल रहा है।

### मप्र आयुर्विज्ञान विवि ने तैयार किया प्रस्ताव, कार्यपरिषद की मंजूरी का इंतजार

## कॉपियों का मूल्यांकन अब सरकारी मेडिकल कॉलेजों में केंद्रों पर ही होगा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय ने मेडिकल पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं में पारदर्शिता को लेकर नए बदलाव किए गए है। जिसके तहत अब मूल्यांकनकर्ता कॉपियों का मूल्यांकन अब सरकारी मेडिकल कॉलेजों में बनाए जाने वाले विशेष मूल्यांकन केंद्रों पर ही करेंगे। कॉपियों को स्कैन कर इन केंद्रों पर ऑनलाइन भेजा जाएगा, जहां प्रशिक्षित मूल्यांकनकर्ता उनकी जांच करेंगे। इसको लेकर विश्वविद्यालय ने मूल्यांकन केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे कार्यपरिषद की मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। जिसके बाद यह व्यवस्था लागू होगी। नई व्यवस्था के तहत परीक्षा के दिन ही कॉपियों को स्कैन कर मूल्यांकन केंद्रों पर भेजा जाएगा। मूल्यांकनकर्ताओं की ड्यूटी पहले से तय होगी, जिससे प्रक्रिया में तेजी आएगी। उल्लेखनीय है कि पहले घर पर कॉपियों के मूल्यांकन के दौरान यह आशंका रहती थी कि मूल्यांकनकर्ता किसी अन्य व्यक्ति से जांच करा सकते हैं या लापरवाही बरत सकते हैं।




### प्रत्येक केंद्र में 20 कंप्यूटर लगाए जाएंगे

ये केंद्र एमबीबीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, एमडी-एमएस सहित अन्य मेडिकल पाठ्यक्रमों की कॉपियों के मूल्यांकन के लिए बनाए जाएंगे। प्रत्येक केंद्र में 20 कंप्यूटर लगाए जाएंगे, और सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों की कॉपियां यहीं जांची जाएंगी। इस व्यवस्था से मूल्यांकन समय पर पूरा होगा, और विद्यार्थियों को परिणाम के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। पहले परीक्षा और मूल्यांकन में देरी से विद्यार्थियों का एक साल बर्बाद हो जाता था, लेकिन अब यह समस्या हल होने की उम्मीद है।

### श्रीमद् भागवत कथा का दूसरा दिन

## भगवान बांके बिहारी के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**हिरदाराम नगर।** सुखसागर उदासीन आश्रम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन सैकड़ों धर्मप्रेमी बंधुओं ने कथा का रसपान किया। कथा का शुभारंभ आश्रम के गद्दीशीन महंत बाबा रामदास उदासीन जी और कालपी वृंदावन के श्री राम श्याम द्वारा बांके बिहारी की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। कथावाचक राम श्याम ने बताया कि भागवत पुराण हिंदुओं के अठारह पुराणों में से एक है, जिसे श्रीमद्भागवतम् या केवल भागवतम् भी कहा जाता है। इसका मुख्य विषय भक्ति योग है, जिसमें भगवान कृष्ण को सभी देवों के देव या स्वयं भगवान के रूप में चित्रित किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि भागवत कथा वैराग्य का महत्व भी बताती है, जो सांसारिक मोह-माया से दूर रहकर भगवान के प्रति समर्पित होने का संदेश देती है। कथा के अंत में, धर्मप्रेमी बंधु भगवान बांके बिहारी के भजनों पर झूम उठे। बांके बिहारी की आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। महंत बाबा रामदास जी उदासीन ने जानकारी दी कि यह भागवत कथा 25 मई तक जारी रहेगी। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक आम भंडारा रहेगा, जिसके बाद भागवत कथा शुरू होगी।



**यह मौजूद रहे-** इस अवसर पर महंत बाबा रामदास उदासीन के अलावा गुरु माता राधा देवी उदासीन, मोहनलाल उदासीन, संतोष कुमार उदासीन, गोकुल उदासीन, नारायणदास सबनानी, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी, लाल जसवानी, हीरो हिन्दू, तुलसी सदारंगानी बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहे।

## सेवा कार्य-जीव सेवा संस्थान ने शिक्षण सामग्री बांटी

**हिरदाराम नगर।** जीव सेवा संस्थान संतनगर ने पिपलानी क्षेत्र के ÷सिंधु दर्शन भवन÷ में देश भक्त युवा मंडल के सेवाभावी कार्यक्रम में शिक्षा सामग्री का वितरण किया। पिपलानी क्षेत्र के जरूरतमंद छात्रों को शैक्षिक सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम में पिपलानी क्षेत्र के लगभग 140 विद्यार्थियों को नोटबुक, लंच बॉक्स और पानी की बोतलें जैसी आवश्यक शैक्षिक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता देश भक्त युवा मंडल के अध्यक्ष श्री अशोक करनानी ने की। जीव सेवा संस्थान की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के.के. पुरोहित और कार्यालय सहायक दिनेश आसवानी की विशेष उपस्थिति रही। इनके अतिरिक्त, देश भक्त युवा मंडल के अन्य पदाधिकारीगण और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में पहलगाम हमले के दिवंगत नागरिकों को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सैनिकों को सैल्यूट किया गया। कार्यक्रम के अंत में अशोक करनानी ने जीव सेवा संस्थान का आभार व्यक्त किया।



## माशिमं :17 जून से द्वितीय परीक्षा, आज आवेदन की अंतिम तारीख




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल के दसवीं-बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए द्वितीय परीक्षा की समय सारणी जारी कर दी है। मुख्य परीक्षा में असफल रहे विद्यार्थी 17 जून से 5 जुलाई 2025 तक दूसरी परीक्षा दे सकेंगे। इसके लिए 21 मई तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से परीक्षा फार्म भरे जाएंगे। यह परीक्षा प्रतिदिन सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक डिजिटाइज्ड परीक्षा केंद्रों पर कराई जाएगी। इसमें वे विद्यार्थी भी शामिल हो सकेंगे, मुख्य परीक्षा में जिनका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है। दसवीं की द्वितीय परीक्षा 17 जून से 26 जून 2025 तक आयोजित की जाएगी। वहीं बारहवीं की द्वितीय परीक्षा 17 जून से 5 जुलाई 2025 तक आयोजित होगी। मंडल ने अभिभावकों और विद्यार्थियों से अंतिम तिथि से पहले पंजीकरण कराने को कहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्य परीक्षा में असफल रहे विद्यार्थियों का साल खराब न हो, इस उद्देश्य से मंडल ने इसी साल से दूसरी परीक्षा कराने का निर्णय लिया है।

### प्लांट हर्बेरियम तकनीक पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन

## आरएनटीयू में छात्रों ने जारी पौधों के संग्रहण, प्रेसिंग, सुखाने, माउंटिंग प्रोसेस तकनीक बनाई




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग द्वारा प्लांट हर्बेरियम तकनीक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों को पौधों के संरक्षण, संग्रहण, प्रेसिंग एवं हर्बेरियम निर्माण की वैज्ञानिक तकनीकों से परिचित कराना था।?कार्यशाला की मुख्य वक्ता एवं विशेषज्ञ डॉ. पूजा सिंह, प्रोफेसर (वनस्पति विज्ञान), शासकीय पी.जी. कॉलेज, बेगमगंज (रायसेन) ने कार्यशाला के प्रथम व उद्घाटन सत्र में ÷हर्बेरियम तकनीक÷ विषय पर सैद्धांतिक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने हर्बेरियम की परिभाषा, निर्माण विधि, उपयोगिता और संरचना की प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक समझाया गया। छात्रों को पौधों के संग्रहण, प्रेसिंग, सुखाने, माउंटिंग और लेबलिंग की जैसे महत्वपूर्ण चरणों से परिचित कराया गया। हर्बेरियम का बहुविध शैक्षणिक, औद्योगिक, चिकित्सा, कृषि, पर्यावरणीय और अनुसंधान में उपयोग कैसे होता है, यह भी बताया। कार्यशाला के माध्यम से छात्रों ने पौधों के वैज्ञानिक संग्रहण एवं हर्बेरियम निर्माण की सैद्धांतिक और प्रायोगिक जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों में फील्ड वनस्पति विज्ञान, वर्गिकी और अनुसंधान की ओर रुचि और आत्मविश्वास बढ़ा।

### बीज बैंक को बनाने की प्रक्रिया समझाई?

डॉ. सिंह ने हर्बेरियम तकनीक के साथ-साथ बीज बैंक को बनाने की प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला, जिसमे उन्होंने बीज चयन, संग्रहण, प्रसंस्करण और भंडारण की विस्तृत जानकारी, बीजों को संग्रह करते समय अच्छे मातृ वृक्षों का चयन, उचित समय पर संग्रहण, सुखाने की विधियां और भंडारण की तकनीकें बताई। इस सत्र में डॉ. पूर्वी भारद्वाज, अधिष्ठाता, विज्ञान संकाय, डॉ. अंकित अग्रवाल, विभागाध्यक्ष, जीवन विज्ञान विभाग, श्रीमती मधु मिश्रा, डॉ. कुसुम शर्मा, डॉ. केशम लेबनान सहित विज्ञान संकाय के सभी सदस्य उपस्थित थे। द्वितीय सत्र में डॉ. पूजा सिंह एवं डॉ. सुची मोदी द्वारा विद्यार्थियों को हर्बेरियम निर्माण की व्यवहारिक विधियों का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने स्वयं हर्बेरियम शीट तैयार करने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लिया।

**मेट्रो एंकर**

### बच्चों और संस्कार के पदाधिकारियों ने की घुड़सवारी

## संस्कार में समर कैंप: मिलिट्री कैंप में घुड़सवारी का अनुभव

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

दीपमाला पागारानी संस्कार विद्यालय में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर में कई तरह की गतिविधियां कराई जा रही है, जिसके चलते छात्रों को घुड़सवारी का अनुभव देने और इसके बारे में जानकारी देने के लिए उन्हें द्रोणाचल मिलिट्री क्षेत्र ले जाया गया।

द्रोणाचल आर्मी की तरफ से कर्नल नीतीश पासी (कमांडिंग ऑफिसर, 5221 एएससी बटालियन) के निर्देश और मेजर अनिल कुमार के मार्गदर्शन में छात्रों ने घुड़सवारी का लुत्फ उठाया। सेना मुख्यालय में देश के लिए शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि विद्यालय हमेशा बच्चों के मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास पर भी ध्यान देता है, यही कारण है कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर होता रहता है। संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने कहा कि विद्यालय 10 महीने छात्रों को शिक्षा देता है, लेकिन गर्मियों की छुट्टियों का समय भी विद्यालय हमेशा बच्चों के व्यक्तित्व और शारीरिक विकास के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करके उपयोग करता है। कर्नल नारायण पारवानी ने कहा कि जीवन में हर प्रकार की गतिविधि की जानकारी होनी चाहिए, जिसके लिए संस्कार विद्यालय हमेशा अपने बच्चों के लिए तैयार रहता है, ताकि बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक विकास भी हो। मेजर अनिल कुमार ने कहा कि बच्चों में घुड़सवारी के प्रति उत्साह देखकर उन्हें बहुत अच्छा लगा और उन्होंने भविष्य में भी बच्चों के लिए ऐसे घुड़सवारी कार्यक्रमों के आयोजन की इच्छा व्यक्त की। सोनिया पासी ने स्कूल प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों ने आज घुड़सवारी की बुनियादी स्किल्स सीखी हैं और अगर वे चाहें तो घुड़सवारी में अपना भविष्य भी बना सकते हैं।



### 475 बच्चों ने लिया भाग

वहीं, साधु वासवानी स्कूल में चल रहे बाल अभिव्यक्ति शिविर में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 475 बच्चे विभिन्न गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। मंगलवार को छोटे बच्चों के मनोरंजन के लिए विद्यालय परिवार द्वारा पूल पार्टी का आयोजन किया गया। शिविर का अवलोकन करने राहुल राजपूत, कमल वीधानी, ईश्वर हिमथानी, पुरूषोतम गिदवानी, बी.आर.सी कार्यालय से जीतेन्द्र राठौर, योगिता वाल्के शिविर में पहुंचे। उन्होंने इस शिविर की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से विद्यार्थियों का व्यक्तित्व निखरता है तथा वे अपनी कला को अपनी आय का साधन भी बना सकते हैं और अपने शौक को पूरा कर सकते हैं। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि जिस तरह से यहां बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर ढेर सारी कलाओं को सीख रहे हैं, वे भविष्य में उनके लिए काफी मददगार सिद्ध होंगी।

## 15 साल के लिए बनेगी एमआरडीए की विकास की योजना

### - भोपाल-इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों के लिए गाइडलाइन आई सामने

# 10 लाख या अधिक होनी चाहिए आबादी

दोहपर मेट्रो, भोपाल

**प्रदेश के 10 लाख या इससे अधिक आबादी वाले क्षेत्रों को घोषित किया जाएगा। इनके विकास के लिए मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमआरडीए) बनेंगे। आबादी के अलावा इन क्षेत्रों का दायरा एक से अधिक जिलों तक फैला होना चाहिए। इनमें कम से दो या दो से अधिक नगर पालिका, पंचायतें या अन्य क्षेत्र शामिल होने चाहिए। तभी ऐसे क्षेत्रों को मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया जाएगा।**

भोपाल व इंदौर इसके लिए फिट बैठते हैं। भोपाल मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में भोपाल, सीहोर रायसेन, राजगढ़ के ब्यावरा और इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के लिए इंदौर, पीथमपुर, धारा व उज्जैन को शामिल किया है। इनके विकास के लिए मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमआरडीए) व मेट्रोपॉलिटन योजना समिति (एमपीसी) के गठन को मंगलवार इंदौर के राजवाड़ा में हुई कैबिनेट बैठक में मंजूरी दी। इन क्षेत्रों के विकास के लिए कम से कम 15 वर्षीय कार्ययोजना बनाई जाएगी, उस आधार पर विकास के कामों की शुरुआत होंगी। योजना तैयार करने व उसे लागू करने का काम एमआरडीए व एमपीसी की होगी। उल्लेखनीय है कि नगर विकास प्राधिकरण सीमाओं के बाहर शेष क्षेत्र में नियोजन व विकास के काम एमआरडीए द्वारा किए जाएंगे। ऐसे प्रोजेक्ट जो एक से अधिक विकास प्राधिकरण की सीमा क्षेत्र में विकसित किया जाना प्रस्तावित होंगे। वहीं एमपीसी में उक्त क्षेत्र की नगर पालिकाओं, पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधि होंगे। इसके अलावा एमआरडीए के प्रतिनिधि भी होंगे।

### सरकार तय करेगी कौन होंगे एमपीसी के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष

एमपीसी में एक अध्यक्ष व दो उपाध्यक्ष होंगे। इनकी नियुक्ति सरकार द्वारा निगम मंडलों की तर्ज पर की जाएगी। जबकि दो तिहाई सदस्य क्षेत्र में आने वाली नगर पालिकाओं व पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों में से चुनाव के जरिए चुने जाएंगे। इसके अलावा केंद्र व राज्य सरकार, संस्थाओं, संगठनों के प्रतिनिधि शामिल किए जाएंगे। क्षेत्र में आने वाले लोकसभा व विधानसभा क्षेत्र के सदस्य, संबंधित नगर पालिकाओं, नगर परिषदों, नगर निगम के महापौर विशेष आंमित सदस्य होंगे। एमपीसी मेट्रोपॉलिटन विकास एवं निवेश की योजना का प्रारूप तैयारी करेगी।



### मुख्यमंत्री होंगे एमआरडीए के अध्यक्ष, तीन मंत्रियों को बनाया जाएगा उपाध्यक्ष-

मुख्यमंत्री स्वयं एमआरडीए के अध्यक्ष होंगे। जबकि नगरीय विकास एवं आवास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास व राजस्व विभाग के मंत्री उपाध्यक्ष होंगे। इसके अलावा इसमें राज्य के मुख्य सचिव और नगरीय विकास, राजस्व, परिवहन, लोक निर्माण, पर्यावरण व पंचायत विभाग के एसीएस, पीएस सदस्य होंगे। साथ ही महानगरीय योजना समिति के प्रतिनिधि, संभागायुक्त, नगर एवं ग्राम निवेश के संचालक को शामिल किया जाएगा। सदस्य संयोजक मेट्रोपॉलिटन आयुक्त को बनाया जाएगा। शासन द्वारा नामित चार विशेषज्ञ होंगे। विशेष आमंत्रित सदस्यों में नगर निगम के आयुक्त, रेलवे जोन के जीएम, केंद्रीय दूर संचार व केंद्रीय नागरिक उड्यन मंत्रालय के प्रतिनिधि भी शामिल रहेंगे। मेट्रो रेल कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक और नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद, पंचायतों व विधानसभाओं के नामित सदस्यों को शामिल किया जाएगा।

### विकास प्राधिकरणों से बाहर काम करेंगे एमआरडीए

यह प्लान का प्रारूप बनाने में एमपीसी की मदद करेगा और विकास प्राधिकरणों की सीमा क्षेत्र के बाहर बचे क्षेत्रों के नियोजन व विकास के काम करने होंगे। खासकर जो प्रोजेक्ट एक से अधिक प्राधिकरणों की सीमा में विकसित किए जाने हो, उन पर काम करना होगा। समन्वय व भूमि प्रबंधन की जिम्मेदारी भी निभानी होंगी।

### कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष होंगे मेट्रोपॉलिटन आयुक्त

मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र की एक कार्यकारिणी समिति होगी, जिनके अध्यक्ष मेट्रोपॉलिटन आयुक्त होंगे। इसके अलावा नगर निगम के आयुक्त, औद्योगिक विकास, हाउसिंग बोर्ड, मेट्रो कार्पोरेशन, परिवहन विभाग, जिलों के कलेक्टर, नगर एवं ग्राम निवेश के संयुक्त संचालक, पीएचई के प्रतिनिधि, शासन द्वारा नामित तीन विशेषज्ञ, एमआरडीए के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा।

---

### आधा दर्जन से अधिक शिकायतों के बाद भी आला अधिकारी नहीं हटा पाए...

**बाबू पर मेहरबान शिक्षा विभाग!**

# जांच फाइलों में घूम रही, तबादला प्रक्रिया खत्म होने तक टालने की तैयारी!

दोहपर मेट्रो, भोपाल

**जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ बाबू सीजे जॉयसन के मामले में आधा दर्जन से अधिक गंभीर शिकायतें और कथित शराब पार्टी वीडियो वायरल होने के बाद भी स्कूल शिक्षा विभाग बाबू जॉयसन पर मेहरबान नजर आ रहा है। हालात यह हैं कि स्कूल शिक्षा विभाग एक माह में न तो बाबू जॉयसन को संबंधित विभागों से हटा पाया है और न ही मामले में जांच पूरी हो सकी है। मामले में शिकायतकर्ता नौशाद अली का आरोप है कि विभाग के कुछ अधिकारी बाबू जॉयसन का सहयोग करने में जुटे हैं।**

मामले में स्थानांतरण प्रक्रिया पूरी होने तक इस पूरे प्रकरण को फाइलों घुमाने की तैयारी है, ताकि मामला ठंडा का बाबू जॉयसन को डीईओ कार्यालय में रखा जाए। जबकि बाबू जॉयसन कई वर्षों से एक जगह पर जमा हुआ है, जो कि विभाग नियमों के विपरीत भी है, लेकिन अब तक मामले में विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। ऐसे में लगातार बाबू जॉयसन द्वारा पूरी जांच को प्रभावित किया जा रहा है।




### 15 सालों में कोई नहीं हटा पाया, आखिर क्या है मजबूरी

विभागीय जानकारों की मानें तो सीजे जॉयसन के विरुद्ध बीते सालों में एक दर्जन से अधिक शिकायतें टीटी पुलिस थाना, लोक शिक्षण संचालनालय, जिला शिक्षा अधिकारी, संभागीय संयुक्त संचालक, स्कूल शिक्षा मंत्री सहित विभिन्न स्थानों पर की गई हैं। इसके बाद भी जॉयसन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बीते 15 वर्षों से जमे हुए हैं और खेल शाखा एवं आयोजन की कमान अपने हाथ में लिए हुए हैं। बताया जाता है कि इस शाखा जॉयसन के अनुमति के बगैर पता भी नहीं हिलता है।

### डीपीसी पर आज हो सकती है बड़ी कार्यवाही

कथित ऑडियो वायरल होने बाद जिला शिक्षा केंद्र में पदस्थ जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) ओपी शर्मा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मामले में निजी स्कूल संचालक और जिपं अध्यक्ष ने भी शिकायत की है। बताया जा रहा है कि मंगलवार को मामले में विभाग बड़ी कार्यवाही करते हुए डीपीसी को पद से हटा सकता है।

### खेल शाखा एवं आयोजन से लगाव, पुरानी फाइलें गायब

विभागीय सूत्र बताते हैं कि जॉयसन को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के खेल शाखा एवं आयोजन से बड़ा लगाव है। ऐसे में कई बार कार्यालय में तो परिवर्तन हुआ और जॉयसन को अलग-अलग जगह भेजा गया, लेकिन जॉयसन ने वरिष्ठ अधिकारियों और अपनी पहुंच के चलते हर बार अपनी वापिसी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के खेल शाखा एवं आयोजन में करा ली। यहां तक कथित शराब वीडियो सामने आने के बाद तत्कालीन डीईओ द्वारा आदेश जारी करते हुए जॉयसन विधानसभा शाखा में भेज दिया था, लेकिन इस आदेश पर वह अमल नहीं करा पाए। विभागीय सूत्रों की माने तो इधर मामले में शिकायतों के बाद पुरानी जांच और शिकायतों की फाइलें गायब हो गई हैं, जांच टीम को खेल शाखा एवं आयोजन के कमरे की भी जांच नहीं करने दी गई है। ऐसे में जांच को लेकर भी कई सवाल उठ रहे हैं।

---

### लोक शिक्षण संचालनालय ने समय सारणी के अनुसार कार्यवाही करने के दिए निर्देश

# अतिथि शिक्षक 23 मई तक पोर्टल पर दस्तावेज कर सकेंगे अपडेट, 24 को होगा सत्यापन

दोहपर मेट्रो, भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अतिथि शिक्षक पोर्टल (जीएफएमएस) पर आवेदकों को नवीन पंजीयन एवं पूर्व से पंजीकृत आवेदकों को अपनी शैक्षणिक और व्यावसायिक योग्यताओं की प्रविष्टि और संशोधन के निर्देश दिए थे। अब इस संदर्भ में लोक शिक्षण संचालनालय ने समय-सारणी जारी की है। अतिथि शिक्षक एजुकेशन पोर्टल 3.0 के अंतर्गत जीएफएमएस पर नियत समय अवधि पर कार्यवाही करेंगे। अतिथि शिक्षक आवेदकों द्वारा अपनी शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता और मध्य प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा से संबंधित दस्तावेज 23 मई तक अपलोड कर सकेंगे। इसके साथ ही 23 मई तक ही आवेदक की जानकारी में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर ई-केवाईसी अनलॉक कर अपडेट कर सकेंगे। आवेदकों के पंजीयन में दर्ज जानकारी कर संकुल प्राचार्य द्वारा सत्यापन का कार्य 24 मई को किया जाएगा। पूर्व में पंजीकृत आवेदन में दर्ज मोबाइल नम्बर बंद हो जाने की स्थिति में मोबाइल नम्बर परिवर्तित करने का कार्य बीईओ और डीईओ के माध्यम से 23 मई को ही किया जाएगा।

### संकुल में उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही करा सकेंगे

अतिथि शिक्षकों के संबंध में सामान्य निर्देश भी दिये गये है। जिन आवेदकों द्वारा मध्यप्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 एवं उसके उपरांत उत्तीर्ण की है। ऐसे आवेदकों द्वारा दिव्यांग कैटेगरी का चयन (विकल्प) को दर्ज किया गया है। उनके जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी स्थायी प्रमाण-पत्र जिसमें दिव्यांगता का प्रतिशत 40 प्रतिशत या उससे अधिक होना अनिवार्य है। आवेदक म.प्र. के किसी भी जिले के संकुल में उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही करा सकेंगे। आवेदकों को सत्र 2025-26 के लिये नवीन पंजीयन एवं पूर्व से पंजीकृत आवेदकों के लिये दस्तावेज अपलोड एवं आवश्यक संशोधन के लिये अंतिम अवसर दिया जा रहा है।

---

### घटिया कार्य करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अमानक स्तर का विद्युतीय निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जाएगी। कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बताया कि कंपनी कार्य क्षेत्र में उपभोक्ता हित की योजनाओं के अंतर्गत विद्युतीय एवं निर्माण कार्यों में गुणवत्ता तथा नियम एवं शर्तों के अनुसार यदि कोई कमी पाई जाती है तो कार्य करने वाली एजेंसी और ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु कंपनी द्वारा वृत्त स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया गया है। यदि स्क्रनिंग कमेटी ठेकेदार अथवा एजेंसी को दोषी मानती है तो कंपनी ऐसे ठेकेदारो/ एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करेगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक द्वारा वृत्त स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया जाएगा।

# कृष्ण पाथेय के लिए मप्र 14 राज्यों के साथ करेगा कदमताल, न्यास का रजिस्ट्रेशन होगा

दोहपर मेट्रो, भोपाल

राज्य सरकार ने श्रीकृष्ण पाथेय बनाने के लिए सिर्फ मध्यप्रदेश नहीं बल्कि 13 अन्य राज्यों के साथ तालमेल बनाकर संयुक्त योजना तैयार करने का निर्णय लिया है। श्रीकृष्ण पाथेय योजना में मप्र के साथ उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक, दिल्ली, हरियाणा, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, मणिपुर, असम जैसे राज्यों को शामिल किया जाएगा।



जानकारी के मुताबिक इन राज्यों में भगवान श्रीकृष्ण की परम्परा और यात्राओं को शामिल करने के लिए स्टडी की जाएगी। इसके साथ ही सरकार ने श्रीकृष्ण पाथेय न्यास और एक्सपर्ट कमेटी में शामिल किए जाने वाले पदाधिकारियों और संतों के नाम भी फाइनल कर लिए हैं।

### कैबिनेट योजना को दे चुकी है मंजूरी

उल्लेखनीय है कि यादव कैबिनेट पहले ही इस योजना को मंजूरी दे चुकी है। ऐसे में संस्कृति विभाग को श्रीकृष्ण पाथेय न्यास का रजिस्ट्रेशन जल्द कराने और न्यास को एक्टिव करने के निर्देश भी दिए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि शुरुआत में एमपी और राजस्थान की एक डिटेल कार्ययोजना तैयार की जाए और श्रीकृष्ण पाथेय योजना को अमल में लाने के लिए दोनों ही राज्यों के विद्वानों की एक जाइंट कमेटी द्वारा प्रस्तावित मार्ग तय किए जाएं, जहां से होकर भगवान कृष्ण का आना जाना हुआ है। इन मार्गों में क्या काम कराए जाने की जरूरत है, यह भी चिह्नित किया जा रहा है। इसके बाद कार्ययोजना विस्तार और उस पर एक्शन के लिए उज्जैन, जयपुर, भोपाल, भरतपुर में बैठकों का आयोजन किया जाएगा। गौरतलब है कि राजस्थान के अलावा सीएम डॉ यादव इसको लेकर अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस के साथ भी पिछले दिनों हुई बैठक में चर्चा कर चुके हैं।

---

**मेट्रो एंकर**

### पीएमएवाई (यू)1.0 में आवासों के निर्माण पर 23 हजार करोड़ होंगे खर्च

# पीएम आवास योजना -2.0 में बनेंगे 10 लाख आवास

दोहपर मेट्रो, भोपाल

प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2.0 सबके लिये आवास मिशन शुरू किया जा चुका है। यह मिशन वर्ष 2029 तक 5 वर्ष की अवधि के लिये क्रियान्वित किया जायेगा। देश भर में एक करोड़ और मध्यप्रदेश में 10 लाख नवीन आवासों के निर्माण का कार्यक्रम तैयार किया गया है। योजना का उद्देश्य सभी पात्र शहरी गरीब एवं आवासहीन परिवारों को सुरक्षित स्थायी और किफायती आवास उपलब्ध कराना है। प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-1.0 (पीएमएवाई) में अब तक 8 लाख 50 हजार आवासों का कार्य पूरा किया जा चुका है। इस पर अब तक



22 हजार 975 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अधिकारियों को पीएमएवाई-यू-2.0 के लक्ष्य को समय-सीमा में हासिल करने के लिये निर्देश जारी किये गये हैं।

### आवास योजना में लाभार्थी को 4 घटकों में दी जायेगी मदद

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2.0 में पात्र लाभार्थी को 4 प्रमुख घटकों के माध्यम से लाभ दिया जायेगा। योजना के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। इच्छुक हितग्राही आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा विकसित यूनिफाइड वेब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये हितग्राही अपने संबंधित नगरीय निकाय कार्यालय में भी सम्पर्क कर सकते हैं। केन्द्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र परिवार आवास के अभाव में न रहे।

### स्पेशल फोकस ग्रुप

पीएमएवाई-यू-2.0 विभिन्न वर्गों के लिये समानता सुनिश्चित करता है, जिसमें कल्याणी, अकेली महिलाएँ, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, ट्रांसजेंडर, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और अन्य कमजोर वंचित वर्गों की आवास आवश्यकता को ध्यान में रखा गया है। इस योजना में विशेष रूप से सफाईकर्मियों, पीएम स्वनिधि योजना के तहत चिन्हित स्ट्रीट वेण्डर्स, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत विभिन्न कारीगरों, आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों, झुग्गी-बस्तियों और चालों के निवासियों और अन्य पात्र समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी।



## संपादकीय

# इन दिनों कहां है आप

दिल्ली के विधानसभा चुनाव में करारा झटका खाने के बाद अब आम आदमी पार्टी की पूरी साख प्रतिष्ठा और हार के बाद जनता के बीच पैदा किये गये विश्वास की अग्निपरीक्षा का दौर जल्द आने वाला है। यह हैं दिल्ली के नगरीय निकाय के चुनाव। इसके बाद कुछ राज्यों में भी विधानसभा चुनाव होंगे जाहिर है कि पार्टी को अपने पुराने फार्म में लौटने के लिये प्रयास दिखाने होंगे। इस बीच दिल्ली में नगर निगम में आम आदमी पार्टी के पंद्रह पार्षदों का इस्तीफा और नई पार्टी के गठन की घोषणा के बाद राजनीतिक समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। फिलहाल दिल्ली के राजनीतिक परिदृश्य में आम आदमी पार्टी बहुस्तरीय मुश्किलों से घिरी दिखती है। इसके कुछ शीर्ष नेताओं पर मुकदमों और विधानसभा चुनावों में पराजय के बाद उसके लिए अपने कई नेताओं को संभालना चुनौती-सा बन गया है। ऐसे में पंद्रह पार्षदों का इस्तीफा और नई पार्टी बनाने का असर आप की राजनीति पर पढ़ना तय माना जा रहा है। आप से इस्तीफा देने वाले पार्षदों ने दिल्ली की जनता के लिए काम करने में बाधा को अपने फैसले का कारण बताया है। देश के लोकतांत्रिक ढांचे में किसी पार्टी के भीतर कार्य और नीतियों को लेकर मतभेद पैदा होना और किसी नेता का नया पक्ष चुनना एक सामान्य बात है, लेकिन यह भी सच है कि मुश्किल दौर से गुजर रही अपनी पार्टी का दामन छोड़ कर सुविधा का ठौर चुनना एक चलन बन गया है। आम आदमी पार्टी का उदय इस दावे के साथ हुआ था कि वह देश की राजनीतिक संस्कृति में बदलाव की वाहक बनेगी। शुरुआती कुछ समय तक ऐसा लगा भी, जब दिल्ली के लोगों ने यह महसूस किया कि इस पार्टी की सरकार की कामकाज की शैली अलग है और वह अपने वादों को लेकर संजीदा है। मगर कुछ समय बाद देखा गया कि पार्टी उन्हीं अंतर्विरोधों से घिर गई है, जिनके खिलाफ उसने नई राजनीति शुरू करने का भरोसा दिया था। इसी के कारण पिछले विधानसभा चुनाव में उसे हार मिली। हालांकि इससे पहले पार्टी ने दिल्ली नगर निगम में अच्छी जीत हासिल की थी। मगर उसके कुछ प्रमुख नेता मुकदमों में फंसे दिख रहे हैं, उसका स्पष्ट असर चुनावी राजनीति में उसकी मौजूदगी पर पड़ा। जाहिर है, दिल्ली की राजनीति में फिलहाल उसके सितारे गर्दिश में दिख रहे हैं।उसके स्टार नेता अरविंद केजरीवाल चुनाव हारने के बाद से दिल्ली में नजर नहीं आते, मनीष सिसौदिया भी हार के बाद उस रौ में नहीं हैं, जैसे वे शासनकाल में थे। ऐसे में अगर अब तक आम आदमी पार्टी की राजनीति में सक्रिय रहे और उसी के जरिए अपना एक कद बनाने वाले लोग साथ छोड़ रहे हैं, तो यह निश्चित रूप से पार्टी के लिए एक गंभीर चुनौती का वक्त है। यह चुनौती आने वाले समय में राज्यों के विधानसभा चुनाव में और गहरा सकती है,हालांकि सभी राज्यों में आप का जनाधार और ढांचा दोनों ही नहीं है लेकिन जहां हैं, वहां सहेजना उसकी चुनौती होगा। हालांकि दिल्ली में करारी हार के बाद पार्टी के शीर्ष नेता पंजाब में नजर आ जाते हैं, जहां पार्टी की सरकार है। पंजाब में भी ढाई साल में चुनाव होना है। इसलिये माना जा सकता है कि आप अपने शासन वाले राज्य में सरकार बचाने के हर जतन करेगी लेकिन जिस दिल्ली से उसने उभार हासिल किया,वहां उसके इरादे और कोशिशें दोनों पस्त नजर आ रही हैं।

# नागरिकों के मान 'सम्मान व स्वाभिमान' की रक्षा में क्या सरकारें विफल हो गईं?

■ राजीव खंडेलवाल

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 एक नागरिक को ''जीने के अधिकार'' प्रदान करता है। उस अधिकार में ''मानवीय गरिमा'' के साथ मनुष्य के जीवन को सार्थक, पूर्ण तथा जीने योग्य बनाने वाले समस्त पहलू शामिल है। अतः देश का संविधान निःसंदेह प्रत्येक नागरिक को ''सम्मान से जीने का अधिकार'' देता है, जिसकी रक्षा का दायित्व कार्यपालिका व न्यायपालिका पर है। फलतः संविधान किसी भी व्यक्ति को एक नागरिक के सम्मान पर जाति, धर्म के आधार पर चोट पहुंचाने की अनुमति नहीं देता है। यह सरकार का दायित्व है कि वह नागरिकों के जीने अधिकार की रक्षा कर उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने देने की परिस्थितियां निर्मित सुनिश्चित करें। तदनुसार प्रत्येक नागरिक को ''असम्मान के कटघरे के घेरे से सुरक्षा प्रदान करें''। हालांकि ''ख़लक का हल किसी ने बंद नहीं किया है'' लेकिन जो देश के ''फल'' पर गंदी इबारतें लिख उसका सम्मान घटाये, उसे संविधान की ''हनक'' दिखानी भी जरूरी है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह, शहीद नरवाल की विधवा हिमांशी नरवाल, लखनऊ विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. माद्री काकोटी, भोजपुरी गायिका नेहा सिंह राठौर जैसे ''आईकॉन'' व प्रतिष्ठित नागरिक हों, जिनको बेशर्मी के साथ सोशल मीडिया पर निम्न से निम्नतम स्तर पर जाकर चारित्रिक हनन करके बेरोक-टोक ट्रोल किया जा रहा हो और सरकार है कि ''खूब पर्दा है कि चिलमन से लगे बैठे हैं, साफ छुपते भी नहीं सामने आते भी नहीं'' की मुद्रा में हाथ पर हाथ धरी बैठी हुई है। जिस प्रकार चुप रहना ''सहमति'' मानी जाती है, जिसे कहते हैं ''खामोशी नीम रजा'', उसी प्रकार ''कुछ कार्रवाई न करना'' भी क्या उक्त ट्रोलिंग टीम के लिए सरकार की ''सहमति'' मानी जाए? यानी कि ''सैंया भए कोतवाल तो फिर .......''।

आईये ! कुछ प्रकरणों का अध्ययन करें व स्थिति समझने का प्रयास करें। ''ऑपरेशन सिंदूर'' के प्रारंभ होते ही संघर्ष विराम तक सेना की लगातार तीन दिन व उसके बाद भी ''प्रेस ब्रीफिंग'' विदेश सचिव विक्रम मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह, नपे तुले शब्दों में प्रभावी रूप से कर रही थी। भारत सरकार ''इस टीम'' को सामने लाकर देश की सांप्रदायिक सद्भावना को भंग करने के पाकिस्तान के कुत्सिक प्रयासों के जवाब का एक ''सांकेतिक संदेश'' भी सफलतापूर्वक दे रही थी। इस देश में ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पटल पर खूब सराहा भी गया। परन्तु अचानक भारतीय सेना की जीत की अवस्था, स्थिति के समय पर अप्रत्याशित ''संघर्ष विराम'' की घोषणा होने के कुछ समय पश्चात ही सोशल मीडिया पर विदेश सचिव विक्रम मिसरी व कर्नल सोफिया को अपमानित कर बुरी तरह से ट्रोल किया जाने लगा। जबकि वस्तुतः वे संघर्ष विराम की जानकारी देते समय भारत सरकार व सेना का एक अंग होकर मात्र अपना कर्तव्य निभा रहे थे। ''संघर्ष विराम'' का निर्णय विदेश सचिव या कर्नल सोफिया कुरैशी या सेना के स्तर पर न होकर राजनैतिक स्तर पर हुआ था। परंतु दुर्भाग्यवश इसकी जानकारी भारत सहित संपूर्ण विश्व को सर्वप्रथम अमेरिकी राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप ने व तत्पश्चात भारत सरकार ने दी, जिसने पूरे परिदृश्य, परसेप्शन को ही बदल दिया।

ट्रोल आर्मी पर कार्रवाई क्यों नहीं- अचानक हतप्रभ करने वाले संघर्ष विराम के निर्णय को देश के ब? भाग में जनता ने पसंद नहीं किया। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान को हर क्षेत्र में नुकसान पहुंचा कर नेस्तानाबूद कर युद्ध विराम के समय पूरी तरह से लाभ की स्थिति में रहने अर्थात जीत की स्थिति के बावजूद हमारी देश की जनता ने ''दीपावली'' नहीं मनाई?



शायद इसका ही परिणाम था कि ''संघर्ष विराम'' को लेकर सोशल मीडिया में बेहद बुरी तरीके से प्रेस ब्रीफिंग टीम को ट्रोल किया जाने लगा। यद्यपि संघर्ष विराम की घोषणा तो भारत सरकार का निर्णय था, जिनको ट्रोल किया जाना चाहिए था? तथापि शायद वहां तक पहुंचने की ताकत व क्षमता उक्त ट्रोल आर्मी की नहीं थी। अथवा वे उसे दिशा में जाना ही नहीं चाहते थे? या फिर इनके भीतर बैठा ''अभद्रताजीवी बेताल सवार होने के लिये आसान कंधे की तलाश में था''। इसलिए उनके प्रतीक, प्रतिनिधि के रूप में विक्रम मिस्त्री, कर्नल सोफिया कुरैशी को ट्रोल किया गया। यदि सिर्फ ''युद्धविराम के निर्णय'' तक ट्रोल को सीमित रखा जाता, तो भी ठीक था। परन्तु दुर्भाग्य यह था कि पूर्ण रूप से अत्यंत शर्मनाक तरीके से कर्नल पर व्यक्तिगत अभद्र, गंदी टिप्पणियां किये जाने के बावजूद उनके सम्मान को बचाने के लिए भारत सरकार ने इन ट्रोल आर्मी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। भारतीय विदेश सचिव ने तो अपना ट्वीटर हेंडल को मजबूरन ''निजी'' ही कर लिया। परन्तु सरकार ने मजबूर करने वाले के विरूद्ध एक कार्रवाई नहीं की।

सरकार मूकदर्शक क्यों- प्रश्न यहां ख?ा होता है कि भारत सरकार के विदेश सेवा के सबसे वरिष्ठतम अधिकारी का ट्रेक रिकार्ड इतना शानदार रहा कि वे पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से लेकर कई प्रधानमंत्री तक उनके सचिव रहे। विक्रम मिसरी शासकीय नौकरी के दायित्व का निर्वाहन कर रहे थे। किन्तु उन पर व उनकी पूत्री के चरित्र पर प्रहार किया गया। कर्नल सोफिया कुरैशी की चार-पांच पी?ियों का इतिहास देखिये ! रानी लक्ष्मीबाई से लेकर आज तक सेना में शामिल होकर परिवार के सदस्य जो राष्ट प्रेम का जज्बा ने दिखाया है, उसको ट्रोल आर्मी प? लेती तो वास्तव में वह आत्मग्लानि महसूस करने लगती। परन्तु दुख का विषय यह है कि भारत सरकार मूक दर्शक बनकर बैठी रही, जो यह दिखाती है कि ''इन कबूतरों का कुआं कौन है''? यह अक्रमण्यंता न केवल ''अक्षम्य'' है, बल्कि सरकार की ''अक्षमता'' भी है। क्योंकि ''कचरे से कचरा ब?'' ''जहां एक बार कू?ा प? जाता है, वहां कू? का ढेर लग जाता है''। विपरीत इसके सरकार और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सोशल मीडिया पर प्रश्न करने वालों के विरुद्ध कई राज्यों की सरकारों ने कार्रवाई की है।

ताजा उदाहरण सोनीपत की अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान मोहम्मदाबाद का है, जिन्हें ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में एक पोस्ट ''फेसबुक'' में डालने पर हरियाणा की सरकार ने गिरफ्तार कर लिया। इनका भी गौरवशाली इतिहास रहा है। नाना, भारत सरकार के अटल बिहारी सरकार के समय सचिव थे। पिता महमूदाबाद के राजा साहब के नाम से मशहुर होकर उत्तर प्रदेश से विधायक रहे। वे खुद बहुत प?-लिखे होकर विदेशों से डिग्री पाई है। हरियाणा महिला आयोग ने सोफिया कुरैशी व विंग कमां?र पर तथाकथित टिप्पणीयां जो किसी भी तरह से आपत्तिजनक न होकर सरकार पर प्रश्न को लेकर थी, पर कार्रवाई करने आगे आती है। लेकिन आयोग वहीं सोफिया व हिमांशी नरवाल के मामले में चुप हो जाता है। सिर्फ ये ही घटनाएं नहीं, जिस प्रकार ''खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है'' उसी प्रकार एक के बाद एक चरित्र हनन की इन टिप्पणियों की मानो बा? ही आ गई। जब शहीदी नरवाल की पत्नी ने पाकिस्तान के षड्यंत्र को विफल करने के उद्देश्य को लेकर भारत सरकार की नीति से टोन से टोन मिलाते हुए यह कहा ''मुझे न्याय चाहिए। लेकिन कश्मीरियों व मुसलमानों के पीछे न प?''। विधवा होने के सात दिन पूर्व ही शादी हुई थी। उनकी आंखों के सामने ही उनके पति को गोली से भून डाला गया था। परन्तु तथाकथित ट्रोल आर्मी ने उक्त बयान पर उन्हें कहीं का नहीं छो?ा। इस पर भी भारत सरकार चुप रही। सोशल मीडिया में चल रहे इन ट्रोल आर्मी के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई और न ही उनके खिलाफ सरकार व भाजपा के प्रमुख नेताओं ने बयान जारी कर कार्रवाई की मांग की। विपरीत इसके पलटकर देखेंगे तो 4 पीएम चैनल को कुछ समय के लिए देश की सुरक्षा के नाम पर बंद कर दिया जाता है। ''द वायर'' के खिलाफ कार्रवाई की गई। पांच दिन के लिए प्रसून कुमार बाजपेई ''गायब'' होकर बिना किसी स्पष्टीकरण के आ जाते हैं। गुजरात में उन 14 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जो सरकार के खिलाफ अपना एजेंडा चलाते हैं। मतलब सरकार कार्रवाई वहीं करती, जो सरकार की नजर में उनके खिलाफ बोलते या एजेंडा चलाती है। परन्तु देश के नागरिकों से लेकर समस्त पार्टियां, अत्यधिक सम्मानित सेना के अधिकारियों व सेना की पूजा, नमन पूरा देश कर रही हो, तब उनके आन-बान-शान के खिलाफ कहे गए शब्दों के विरूद्ध कार्रवाई न करना का मतलब एक ही निकलता है कि हर एक चीज में वोट की राजनीति को देखा जाता है। साफ है कि ''ये बछ? किस खूंटे के बल पर कूद रहे हैं''।

*- यह लेखक के अपने विचार हैं*

> इंसान अनीति से जग के सारे
> सुख वैभव रच सकता है
> लेकिन नियत समय बाद नियति
> भी अपने खेल यहीं रचाती है

## आज का इतिहास

- 1216 फ्रांस के प्रिंस लुइस ने इंग्लैंड में प्रवेश किया।
- 1403 ओटोमन साम्राज्य के खिलाफ तैमूर और कैस्टिले के बीच गठबंधन की संभावना पर चर्चा करने के लिए, कैस्टिले के राजा हेनरी ढ्ढढ्ढ ने तैमूर (टेमरलेन) के दरबार में एक दूतावास भेजा।
- 1502 पुर्तगाल के जोआओ दा नोवा ने दक्षिण अटलांटिक महासागर में सेंट हेलेना द्वीप की खोज की।
- 1674 जॉन तृतीय सोबस्की, जो कि सलज्टा द्वारा चुना गया, पोलिश-लिथुआनियाई राष्ट्रमंडल का सम्राट बन गया।
- 1725 द ऑर्डर ऑफ अलेक्जेंडर नेव्स्की की स्थापना एम्प्रार्स कैथरीन आई द्वारा रूस में की गई।
- 1819 अमेरिका की पहली साइकिल (तेजी से वॉकर) पेश की गयी।
- 1840 न्यूजीलैंड को एक ब्रिटिश उपनिवेश घोषित किया गया।
- 1851 दक्षिण अमेरिका के कोलंबिया में गुलामी प्रथा समाप्त हुई।
- 1856 लगभग 800 समर्थक गुलामी अमेरिकियों की भीड़ ने टाउनऑफ लॉरेंस, कंसास में तोड़फोड़ की।
- 1863 सातवें दिन के एडवेंटिस्ट चर्च, एक प्रोटेस्टेंट संप्रदायवाद, जो कि आने वाले द्वितीय आगमन (एडवेंट) के जोर पर जोर दिया गया था, युद्ध क्रीक, मिशिगन, यूएस में स्थापित किया गया था।
- 1864 अमेरिकन सिविल वॉर-द यूनियन एंड कॉन्फेडरेट सेनाओं ने बैटल ऑफ स्पॉट सिल्वेनिया कोर्ट हाउस में ड्रॉ लड़ा, जिसमें लगभग 32,000 लोग हताहत हुए।
- 1881 क्लारा बार्टन ने वाशिंगटन डीसी में अमेरिकन रेडक्रॉस की स्थापना की।
- 1881 अमेरिकी रेड क्रॉस क्लारा बार्टन द्वारा स्थापित किया गया।
- 1881 यूएस नेशन लॉन टेनिस एसोसिएशन की स्थापना हुई।

## निशाना

### ना लगाओ आग!



-कृष्णेन्द्र राय

हर तरफ़ है शांति । ना लगाओ आग ।। जो हैं असली मुद्दे । रहे क्यों उससे भाग ।।
बेमतलब, बेवजह । आप रहे कुरेद ।। देखकर जनमानस ये । करता व्यक्त खेद ।।
छोड़कर तकरार अब । राह सही अपनाओ ।। उब गए हैं लोग । अब ना भय दिखाओ ।।
हो सही सलाह । लाओ ये बदलाव ।। होगा तभी दूर । दिखता जो अभाव ।।

# अनिवार्य है, कृतघ्न तुर्किए को कठोर संदेश देना

■ डॉ. आशीष वशिष्ठ

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 निर्दोष हिन्दू पर्यटकों की नृशंस हत्या के उत्तर में शुरू ऑपरेशन सिंदूर पाक समर्थित आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार बन गया। चार दिल चले ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सारी हेकड़ी निकल गई, और वो सीजफायर की भिक्षा मांगने लगा। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर अवश्य हो गया है, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बीच तुर्की खासा सुर्खियों में रहा और उसका पाकिस्तान प्रेम खुलकर सामने आ गया।ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन, तुर्किए और अजरबैजान का वास्तविक चेहरा अखिल विश्व के समक्ष अनावृत हो गया। पाकिस्तान ने इस दौरान भारत पर जो ड्रोन और मिसाइल दागे वो 'मेड इन' चाइना और तुर्किए में बने थे। पाकिस्तान ने जो चीन की निकृष्ट मिसाइल और तुर्किए के ड्रोन भारत पर हमले में प्रयोग किये, उनके अवशेष सैन्य बलों के पास हैं। चीन और तुर्किए अब इन प्रमाणों को नकार नहीं सकता है। सीजफायर के बाद पाकिस्तान के मित्र तुर्किए के विरुद्ध भारत में विरोध शुरू हो गया है और सोशल प्लेटफार्म पर बॉयकाट तुर्की मुहिम जोर पकड़ने लगी है। भारतीय टूरिस्ट तुर्किये और अजरबैजान का बॉयकॉट कर रहे हैं। मोदी सरकार ने भी तुर्की को सबक सिखाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिये हैं। लेकिन जिस तरह देशवासियों ने स्वत- तुर्की और अजरबैजान का बॉयकॉट करने की मुहिम छेड़ी है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए, वो कम है। भारतीय नागरिकों के इस भाव का प्रभाव तुर्किए के अरबों डॉलर के व्यापार पर पड़ने वाला है।

तुर्किये 'एहसान फरामोशी' का सबसे कलंकित उदाहरण हो सकता है। जब फरवरी, 2023 में तुर्किए में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, लगभग चालीस हजार लोग मारे गए थे, इमारतें 'मिट्टी-मलबा' हो गई थीं, तब भारत ने मदद का पहला हाथ बढ़ाया था। भारत ने भूकंप के अलावा भी तुर्किये की कई बार सहायता की है, लेकिन जब मौका आया तो उसने कृतघ्नता ही दिखाई और भारत के शत्रु के पक्ष में खड़ा हो गया। 2009 में तुर्किये ने पहली नैनो सैटेलाइट आईटीयूपीसेट-1 बनाई, जिसे स्पेस में नई टेक्नोलॉजी पर रिसर्च करना, पृथ्वी की तस्वीरें लेना और आंकड़ा एकत्र करने के लिए भेजा जाना था। इस लॉन्च में भारत ने तुर्किये की मदद की थी। इस सबके उपरांत तुर्किये सदैव पाकिस्तान का समर्थन करता रहा है। तुर्किये ने 2019 में भारत के धारा 370 हटाने का भी विरोध किया था। इसके बाद से लगातार तुर्किये यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली यानी यूएनजीए में कश्मीर का मुद्दा उठाता आया है।




पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 6-7 मई की रात भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया, तो तुर्किये खुलकर पाकिस्तान के साथ दिखा। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि तुर्किये ने पाकिस्तान को करीब 350 ड्रोन और उन्हें चलाने के लिए ऑपरेटर भेजे। 4 मई को तुर्किये ने नौसेना का युद्धपोत टीसीजी बुयुकडा (एफ-512) पूरे बेड़े के साथ पाकिस्तान के कराची पोर्ट पर भेज दिया। तुर्किए ने पाकिस्तान के पहलगाम हमले की अंतरराष्टीय जांच की अनुशंसा का भी समर्थन किया। 10 मई को सीजफायर के बाद शहबाज शरीफ ने एर्दोगन को मदद करने के लिए शुक्रिया अदा किया। तुर्किए के पाकिस्तान का साथ देने के बाद भारतीय पर्यटकों ने धड़ाधड़ तुर्की की यात्राएं कैंसिल करवानी शुरू कर दी है। भारतीय पर्यटकों को आज की तारीख में सिर्फ एक आम ट्रैवलर मानना बहुत बड़ी गलती है। क्योंकि ग्लोबल टूरिज्म इंडस्ट्री के लिए भारतीय पर्यटक एक आर्थिक स्तंभ बन चुके हैं। साल 2023 में भारतीय पर्यटकों ने दुनिया के अलग अलग हिस्सों में घूमने में 18 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च किए। ऐसे में अगर भारतीय पर्यटक किसी देश का बहिष्कार करते हैं तो वो सिर्फ एक सोशल मीडिया पर चलाया गया ट्रेंड नहीं होता है, बल्कि एक भूकंप होता है। पिछले साल जनवरी में मालदीव के कुछ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। जिसके बाद भारत और मालदीव के बीच विवाद काफी बढ़ गया। भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का बहिष्कार शुरू कर दिया, जिसने कुछ ही समय में मालदीव के नेताओं को घुटने टेकने के लिए विवश कर दिया। मालदीव की अर्थव्यवस्था, जिसमें टूरिज्म सेक्टर का 28 प्रतिशत योगदान है, उसे गहरा धक्का लगा था, लिहाजा अब बारी तुर्की की है। पिछले कुछ सालों में भारी संख्या में भारतीय पर्यटकों ने घुमने के लिए तुर्की को चुना है। साल 2023 में करीब 2.74 लाख भारतीय नागरिक घूमने के लिए तुर्की गये थे। जबकि 2024 में तुर्की जाने वाले भारतीय पर्यटकों का ये आंकड़ा बढ़कर करीब 3.5 लाख पहुंच गया। भारतीय लोगों के बीच शादी करने, हनीमून मनाने और फैमिली ट्रिप्स के लिए तुर्की तेजी से लोकप्रिय हो रहा था। लेकिन 2025 में तुर्की ने पाकिस्तान का समर्थन करके भारतीयों को अपने विरूद्ध कर लिया है। इसके अलावा भारत जैसे देशों के पर्यटकों का बहिष्कार सिर्फ आर्थिक नहीं, राजनीतिक संदेश भी होता है। पर्यटन के अलावा भारतीय बाजारों में तुर्की से आयातित सेब की बिक्री पर भी प्रभाव पड़ा है। भारतीय कारोबारियों ने अब ईरान, अमेरिका और न्यूजीलैंड से सेब खरीदना शुरू कर दिया है। सेब उत्पादन करने वाला संघ, जो पहले से ही विदेशों से मंगाए जाने वाले सेब की वजह से नाराज रहता था और तुर्की के सेब पर प्रतिबंध लगाने की मांग करता रहता था, वो अब प्रसन्न है। इस वित्त वर्ष में तुर्की से 1 लाख 60 हजार टन सेब खरीदे गये थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत तुर्की के साथ व्यापारिक संबंध समाप्त करने की तैयारी मे। भारत तुर्की से दाल, तिलहन और स्टील जैसी चीजें खरीदता है। दोनों देशों के बीच व्यापार को 20 अरब डॉलर तक ले जाने की योजना थी। लेकिन अब बदले वातावरण में यह संबंध पूर्णत समाप्त हो सकते हैं। 15 मई केंद्र सरकार ने तुर्किये की कंपनी सेलेबी एविएशन की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी। यह दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु सहित प्रमुख भारतीय हवाई अड्डों पर हाई सिक्योरिटी ऑपरेशन संभालती है। भारत के प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों ने भी तुर्की से एकेडमिक समझौते रद्द कर दिये हैं। इनमें जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी यानी जेएनयू, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, आईआईटी रुड़की, शारदा विश्वविद्यालय और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी शामिल हैं। भारत सरकार ने व्यापार के अलावा कूटनीति के मोर्चे पर भी तुर्किये को बड़ा सबक सिखाने का मन बना लिया है। तुर्किये को सबक सिखाने के लिए भारत उसके अंदर के मुद्दों को बाहर लाएगा। तुर्किये में लगातार बढ़ रही मानवाधिकार हनन की घटनाओं को भारत यूनाइटेड नेशन्स के समक्ष रख सकता है। इसके अलावा 'साइप्रस का मुद्दा' तुर्किये की सबसे बड़ी कमजोरी बन चुका है। तुर्किए और साइप्रस के बीच की जंग दशकों पुरानी है, इसके बावजूद तुर्किये इसे समाप्त नहीं कर पा रहा। भारत इस मुद्दे के सहारे तुर्किये को सबक सिखा सकता है। येन-केन-प्रकारेण, तुर्किये ने इस्लामी देशों का 'खलीफा' बनने की भ्रांति पाल रखी है, इसलिए उसकी हेकड़ी तोड़ना अत्यावश्यक है।

तुर्किए को सबक सिखाना इसलिए भी अहम है क्योंकि अखिल विश्व को यह संदेश देना चाहिए कि भारत के शत्रु का जो भी साथ देगा, उसे भारत शत्रु की श्रेणी में ही रखेगा। व्यापार, हानि–लाभ और कूटनीति अपने स्थान पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में कहा जाए तो हमारे दिल में %नेशन फर्स्ट% का भाव सर्वोच्च होना चाहिए। केवल तुर्किए ही नहीं, हमें हर उस देश और व्यक्ति का बॉयकॉट करना चाहिए या हमारे भीतर शत्रु बोध होना चाहिए, जो हमारे देश के प्रति शत्रुता रखता हो, शत्रुता का भाव और विचार रखता हो और जो हमारे शत्रु से मित्रता निभाता हो।

*- साभार यह लेखक के अपने विचार हैं*

# मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने किया मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिनंदन समारोह

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

केंद्र के समान महंगाई भत्ता एवं आवास गृह भत्ता कर्मचारियों की पदोन्नति सहित अन्य कर्मचारी हित मे निर्णय लिए जाने पर मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का रविंद्र भवन भोपाल में ऐतिहासिक भव्य एवं गरिमामय अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया।

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला विदिशा के उपाध्यक्ष एवं तहसील बासौदा के प्रभारी आशीष दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री का शाल श्रीफल अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया




आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन डॉ मोहन यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि मैं किसी संगठन के कार्यक्रम में नहीं आया बल्कि मैं तो अपने परिवार में पारिवारिक कार्यक्रम मानकर यहां आया हूं क्योंकि मध्य प्रदेश सरकार कर्मचारियों को अपने परिवार का एक अहम हिस्सा मानती है मध्यप्रदेश में सुशासन का प्रथम आधार कर्मचारी हैं सरकार के हर निर्णय से कर्मचारी प्रत्यक्ष या प्रत्येक जी से जुड़े रहते हैं और इसलिए कर्मचारी शासन प्रशासन की रीड की हड्डी के रूप में कार्य करते हैं और आप सरकार और जनता के बीच सेतु निर्माण का कार्य नल नील के रूप में करते है शासन की सभी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का श्रेय हमारे सभी कर्मचारी भाइयों को जाता है।

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया एवं संघ के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की प्रस्तावना के रूप में कर्मचारियों की विभिन्न मांगो एवं समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जिस पर मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति जताते हुए कहा कि हम आपकी बहुत सारी मांगों से सहमत हैं और शीघ्र ही बैठकर एक विस्तृत निर्णय सब के बारे में जारी करेंगे और वर्तमान में स्वास्थ्य बीमा एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है कर्मचारियों के लिए उसे हम लागू करने की घोषणा इस मंच से करते हैं।

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश प्रवक्ता एवं विदिशा जिले के प्रभारी डॉ.अनिल भार्गव ने संगठन गीत प्रस्तुत किया एवं कर्मचारी हितेश निर्णय लेने पर मुख्यमंत्री का आभार राज्य कर्मचारी संघ की ओर से प्रेषित किया साथ ही विदिशा इकाई को संबोधित करते हुए कहा कि विदिशा जिला संगठन के हर कार्य में प्रथम स्थान पर रहा है और आगे भी रहेगा।

## दिन दहाड़े बुजुर्ग महिला को कट्टा दिखाकर लूटी चेन

**गंजबासौदा।** स्टेशन रोड स्थित नाना जी वाली गली में दिनदहाड़े एक घर में घुसकर बुजुर्ग महिला से चेन लूटने मामला सामने आते ही शहर में दहशत का माहौल है।



जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार दोपहर की हैं। नाना जी वाली गली निवासी मनीष जालौरी के घर में घुसकर एक युवक ने उनकी बुजुर्ग मां को कट्टा दिखा धमकाकर सोने की चेन लूट ली। घटना दोपहर की है एक युवक उनके घर का चैनल खोलकर ऊपर पहुंचा तो घर पर बुजुर्ग मां कमला जालोरी से पूछा मनीष भैया घर पर हैं जब मां ने बताया कि वह घर पर नहीं हैं, तो बदमाश ने शादी का कार्ड देने का बहाना बनाया। जैसे ही बुजुर्ग महिला ने जाली वाला गेट खोला तो युवक ने ने पानी मांगा। जब वह पानी लाने किचन गईं तो युवक ने कट्टा अड़ा दिया और चेन छीनकर फरार हो गया। चिल्लाने पर गोली मारने की धमकी देकर वह भाग निकला। घटना जानकारी लगते ही लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। सिटी थाना प्रभारी योगेंद्रसिंह परमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे है।

## रघुवंशी के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर शिक्षक संगठन के किया स्वागत

गंजबासौदा। शिक्षकों के हमेशा सहयोगी हर छोटी बडी समस्या के निराकरण हेतू भरपूर सहयोग करने बाले पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी को अखिल भारतीय अखण्ड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद का अध्यक्ष बनने पर मध्यप्रदेश शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी के नेतृत्व मे पटाखे फोडकर ढोल धमाको के साथ हार फूल और मिठाई खिलाकर स्वागत किया।



प्रदेशाध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी ने कहा शिक्षक सदैव सम्माननीय है हमारे बेद पुराणो मे गुरू कहा गया है यह सच है यदि शिक्षक हमे अच्छी शिक्षा ना देते तो हमारा जीवन नर्क के समान होता हम सदा शिक्षको के ऋणी है। अपने स्वागत भाषण मे शिक्षक संदेश मिश्रा ने कहा कि शिक्षको के प्रति हमेशा सकारात्मक सोच रखी है जब जब भी समय आया हमारे साथ खडे रहे बही शफाकत हुसैन कादरी ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष ने हम सबको अपने घर का सदस्य माना है हमेशा बडे भाई की भूमिका निभाते हुए हम शिक्षको का साथ दिया है संजीव रघुवंशी ने कहा की हम शिक्षको का साथ हमेशा जात पात से उठकर दिया है हम शिक्षको के दिलो पर राज करते है। इस अवसर पर बडी संख्या में शिक्षक शामिल थे।

## सर्व मसीह समाज के द्वारा नपा अध्यक्ष एवं नपा सीएमओ के नाम ज्ञापन सौंपा

**सिवनी मालवा।** सर्व मसीह समाज के पदाधिकारियों के द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन एवं सीएमओ अमर सिंह उईके ने नाम ज्ञापन सौंपा सर्व मसीह समाज पदाधिकारियों के नेतृत्व में यह ज्ञापन सौंपा गया। सर्व मसीह समाज अध्यक्ष अरुण कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि सिवनी मालवा एवं बानापुरा के सभी मुक्तिधामों में शासन द्वारा सड़क निर्माण बाउंड्री वॉल स्ट्रीट लाइट एवं सौंदर्य करण कार्य कि जा रहा है। ईसाई समाज का बरसों पुराना मुक्तिधाम (कब्रिस्तान) हैं जिसमें सड़क ना होने से बारिश के दिनों में लगातार दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। मुक्तिधाम में उचित व्यवस्था कि जाऐ बही वार्ड नंबर 8 वार्ड पार्षद दीपक दिक्षित ने भी जानकारी देते हुए बताया एवं मुक्तिधाम में सड़क निर्माण बाउंड्री वॉल स्ट्रीट लाइट सौंदर्यीकरण किया जाना चाहिए। इस अवसर पर वार्ड नंबर 8 के पार्षद दीपक दिक्षित सर्व मसीह समाज अध्यक्ष अरुण कश्यप उपाध्यक्ष आकाश दार (गोल्डी ) महासचिव आकाश चार्ल्स युवा अध्यक्ष दानियल दार युवा उपाध्यक्ष रितेश ( रिंकू) मसीह नगर अध्यक्ष विकास मसीह सचिव ( क्रिश्चियन एकता मंच युवा प्रदेश अध्यक्ष हेरिशन स्वामी राका करीम आशीष विश्राम तरुण प्रणय टायटस प्रकाश रवि मसीह साहिल मसीह अमित मसीह अमन मसीह अयुब अली उपस्थित रहे।



## भारतीय किसान संघ ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा

**सिवनी मालवा।** आज भारतीय किसान संघ के पदाधिकारीओ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन कलेक्टर के नाम का डिप्टी कलेक्ट को सौंपा जिसमें मांग की गई की किसानों बर्ष 2025-26 के ग्रीष्मकालीन मूंग खरीदी सुनिश्चित करने एवं शीघ्र पंजीयन प्रारंभ करने पर चर्चा की गई है । आगामी बारिश सीजन को देखते हुए कृषि पंप एवं घरेलू बिजली का शीघ्र मेंटेनेंस कर प्रारंभ किया जाए। सिवनी मालवा क्षेत्र के जिन ग्रामों में बिजली के ट्रांसफार्मर जले हैं उन्हें शीघ्र बदले जाए एवं पांच पांच अतिरिक्त ट्रांसफार्मर सभी सब स्टेशनों रखें जाए। आगामी फसल के लिए रासायनिक खाद डीएपी एवं यूरिया डीएमओ में शीघ्र उपलब्ध कराया जाए एवं सोसायटी से भी वितरण किया जाए।



### मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का 22 मई को नर्मदापुरम जिले में होगा आगमन

# साफ सफाई, विद्युत, पेयजल, ट्रैफिक व्यवस्था रखें चाक चौबंद : कलेक्टर

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत भारत योजना अंतर्गत नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन के उन्नयन कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम में होंगे सम्मिलित**



**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

मंगलवार को कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नर्मदापुरम जिले के आगमन को लेकर की जा रही तैयारी एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 22 मई को नर्मदापुरम जिले के प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जा रहे अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन नर्मदापुरम के उन्नयन कार्यों का लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ यादव सिवनी मालवा विकासखंड अंतर्गत मंडी प्रांगण में जनहितैषी कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन कर सभा को संबोधित करेंगे। इसके पूर्व मुख्यमंत्री डॉ यादव सिवनी मालवा में आयोजित तिरंगा यात्रा में भी सम्मिलित होंगे। कलेक्टर सुश्री मीना ने ईई लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि हेलीपैड, मुख्य सभा स्थल मंच एवं डोम, नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन मंच एवं डोम का पूर्ण रूप से निरीक्षण कर सुरक्षा प्रमाण पत्र जारी करें। इसी प्रकार उन्होंने ईई एमपीईबी को भी निर्देशित किया कि विद्युत व्यवस्था के संबंध में भी समस्त जांच एवं परीक्षण करने के उपरांत सुरक्षा प्रमाण पत्र जारी करें। बैठक के दौरान उन्होंने दोनों कार्यक्रम स्थलों पर प्रोटोकॉल के अनुसार बैठक व्यवस्था बनाए जाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सीएमओ नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम को निर्देशित किया कि दोनो कार्यक्रम स्थल के समीप तथा हेलीपैड पर फायर ब्रिगेड तैनात रहे यह सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार सीएमएचओ नर्मदापुरम सुनिश्चित करें कि उक्त स्थानों पर एम्बुलेंस तथा चिकित्सकों की टीम उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभा कक्ष में उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया की सभी अधिकारी समन्वित रूप से कार्य करें। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान मंच व्यवस्था सहित कार्यक्रम की बैठक की सुनियोजित तैयारी किए जाने के निर्देश भी दिए।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह, जिला पंचायत सीईओ टी प्रतिक राव, अपर कलेक्टर डीके सिंह, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौड़ सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे.

### उत्तर प्रदेश की राज्यपाल 22 मई से 25 मई तक जिले के प्रवास पर

नर्मदापुरम. उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल 22 मई से 25 मई 2025 तक जिले के प्रवास पर रहेंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्यपाल श्रीमती आंनदीबेन पटेल 22 मई को रात्रि 10-00 बजे पचमढी स्थित राज भवन आएंगी। तथा 25 मई 2025 तक पचमढी के प्रवास पर रहेंगी।

## एसडीईआरएफ टीम ने सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिटया



**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में जन-जागरूकता और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज नर्मदापुरम के होमगार्ड लाइन तथा जनपद पंचायत बनखेड़ी में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए।

प्रशिक्षण सत्र में होमगार्ड लाइन में 200 तथा जनपद पंचायत बनखेड़ी में 60 वॉलंटियर्स को नामांकित करते हुए कुल 260 प्रतिभागियों को व्यवहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं जिला पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह के मार्गदर्शन में किया गया।

प्रशिक्षण का नेतृत्व एस.डी.ई.आर.एफ. टीम की प्रभारी श्रीमती अमृता दीक्षित शिवराज चौधरी ने किया। उन्होंने वॉलंटियर्स को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, नागरिक सुरक्षा, हवाई हमले के उपरांत राहत कार्य, तथा अन्य आपात स्थितियों से निपटने हेतु व्यावहारिक एवं रणनीतिक ज्ञान प्रदान किया।

जिला सेनानी राजेश जैन ने प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सत्र वॉलंटियर्स को न केवल सजग बनाते हैं, बल्कि उन्हें प्रशासन के एक सशक्त सहायक के रूप में भी तैयार करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आपदा की घड़ी में प्रशिक्षित वॉलंटियर्स निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर पर बनखेड़ी तहसीलदार श्रीमती अंजू लोधी सहित जनपद पंचायत के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वॉलंटियर्स ने प्रशिक्षण में गहन रुचि दिखाते हुए नागरिक सुरक्षा और आपदा प्रबंधन में अपनी भूमिका को गंभीरता से स्वीकार किया।

### जनसुनवाई में हुई 112 आवेदनों पर सुनवाई

## सीमांकन, वेतन वृद्धि, पेयजल, किसान सम्मान निधि आदि प्रकरणों के समाधान के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

कलेक्ट्रेट कार्यालय के जनसुनवाई कक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर श्रीमति डॉ. बबीता राठौर ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के दूरदराज अंचलों से आए 112 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जिला मुख्यालय के साथ ही तहसील एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदन प्रधानमंत्री आवास, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मेढ़.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।



मंगलवार को जनसुनवाई में आए लिखी-राम जाटव निवासी इंदिरा आवास कॉलोनी नर्मदापुरम के सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो जाने पर मुख्यमंत्री सहायता कोष से उपचार हेतु आर्थिक सहायता की राशि प्रदान करने हेतु आवेदन दिया। जिस पर संबंधित अधिकारी को मामले को गंभीरता से जांच कर सहायता प्रदान करने हेतु निर्देशित किया।

इसी प्रकार निवासी रेवा गंज जुमेराती, नर्मदापुरम सुल्ताना बेगम ने बताया कि उनके घर का वर्षो पुराने बिजली के बिल के भुगतान का नोटिस दिया गया। आवेदन कर्ता के आजीविका का साधन सामाजिक विधवा पेंशन है, जिस पर विद्युत विभाग द्वारा होल्ड लगा दिया गया है। विधवा पेंशन बहाल करने एवं विद्युत बिल माफ करने के लिए जनसुनवाई मे आवेदन दिया।

एक अन्य मामले मे सोमनाथ कहार निवासी लोहिया तहसील पिपरिया ने बताया कि उनका आर्मी में जीडीए पद पर चयन हुआ था जिसके लिए पुलिस वेरीफिकेशन प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने पर पुलिस वेरीफिकेशन हेतु आवेदन किया गया था किंतु चार माह बाद भी आर्मी हेडक्वार्टर नागपुर को नही भेजा गया हैं।आवेदन-कर्ता सोमनाथ कहार ने अंतिम तारीख से पूर्व शीघ्र पहुचाये जाने हेतु उचित कार्यवाही करने के लिए आवेदन दिया।

जनसुनवाई के दौरान अनु-विभागीय अधिकारी श्रीमती नीता कोरी तहसीलदार देव शंकर धुर्वे एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर** संभागीय संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास द्वारा किया गया आंगनबाडी केन्द्रों का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

# प्रतिमाह बच्चों का सही शरीरिक माप व सटीक आंकड़े पोषण ट्रेकर एप में दर्ज करें

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

संभागीय संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम एच0के0शर्मा द्वारा मंगलवार 20 मई को जिला नर्मदापुरम अंतर्गत् महिला एवं बाल विकास परियोजना-नर्मदापुरम शहरी अंतर्गत् संचालित आंगनबाडी केन्द्र कमशः वार्ड कं0-9 केन्द्र कं0-2, वार्ड कं0-28 केन्द्र कं0-1 एवं वार्ड कं0-28 केन्द्र कं0-2 का औचक भ्रमण किया गया।

संयुक्त संचालक द्वारा आंगनबाडी केन्द्र के निरीक्षण में प्रतिमाह आयोजित होने वाले वजन अभियान अंतर्गत् बच्चों का सही-सही शरीरिक माप लेने तथा शुद्ध व सटीक ऑकड़े पोषण ट्रेकर एप में दर्ज करने हेतु निर्देश दिये गये। कुपोषित बच्चों पर विशेष निगरानी रखने, आवश्यक उपचार कराने, स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर आवश्यक 5 प्रकार की दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा [illegible] बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती करने हेतु निर्देश दिये गये। बच्चों माता-पिता को बच्चे के वजन की प्रगति से निरंतर अवगत कराते रहें एवं खाने में पौष्टिकता बनाये रखने हेतु क्या-क्या खाना है, उनको बताते रहें।



आंगनबाडी कार्यकर्ता की संपर्क एप में प्रतिदिन उपस्थिति तथा प्रतिदिन आंगनबाडी केन्द्र खुलने की पोषण ट्रेकर एप में प्रविष्टि सुनिश्चित की जावे। आंगनबाडी केन्द्र की सर्वेक्षित जनसंख्या अनुसार वर्ष 2024 की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर निर्धारित अनुपात में गर्भवती माता, धात्री माता, 6 माह से 3 वर्ष के से 3 वर्ष के बच्चे तथा 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों का पंजीयन पोषण ट्रेकर एप शतप्रतिशत प्रविष्ट किया जावे। कोई भी हितग्राही पंजीयन से छूटना नहीं चाहिये। पंजीकृत हितग्राहियों का आधार सत्यापन भी पोषण ट्रेकर एप में अनिवार्यतः नियमित रूप से किया जावे। पोषण ट्रेकर में दर्ज समस्त आधार सत्यापित हितग्राहियों का शतप्रतिशत [illegible] एवं [illegible] का दिनांक 31 मई 2025 के पूर्व किया जाना सुनिश्चित करें। आंगनबाडी केन्द्र निर्धारित समय पर खोलें, नियमित रूप से साफ-सफाई रखी जावे तथा हितग्राहियों को निर्धारित मीनू अनुसार टी0एच0आर एवं गर्म ताजा पका नाश्ता/भोजन प्रदाय किया जावे। आंगनबाडी केन्द्र में बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जावे। पोषण ट्रेकर एप में प्रतिदिन एन्ट्री की जाये। क्षेत्र का गहन सर्वे कर विभागीय योजनाओं के लाभ से सभी हितग्राहियों को जोडे एवं लाभांवित करायें। कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे, ऐसा सुनिश्चित करें। लाडली लक्ष्मी योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना का लाभ लेने हेतु आवश्यक दस्तावेजों यथा- समग्र आईडी, आधार, डीबीटी, बैंक से लिंकेज आदि के संदर्भ में हितग्राहियों को मार्गदर्शन एवं सहयोग करते रहें। संपर्क एप एवं पोषण ट्रेकर एप की डाटा प्रविष्टि पर विशेष ध्यान दिया जावे।

# देवपुर में शुरू हुआ 121 कुण्डात्मक श्री महालक्ष्मी महायज्ञ, विशाल कलश यात्रा निकाली

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

बाबा विश्वनाथ की नगरी देवपुर में क्षत्रिय दांगी समाज द्वारा आयोजित किए जा रहे 121 कुण्डात्मक विशाल श्री विद्या महालक्ष्मी महायज्ञ का शुभारंभ सोमवार को भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। तीर्थ क्षेत्र में महायज्ञ की तैयारियां दांगी समाज द्वारा 1 महीने पहले से की जा रही थी। आयोजन में सहभागी बनने के लिए पहले दिन बड़ी संख्या में समाज बंधु देवपुर पहुंचे थे। यहां पर स्थित कुंड में कलश पूजा के उपरांत शोभायात्रा की शुरूआत हुई।

### कलश यात्रा महायज्ञ स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई

जिसमें बड़ी संख्या में समाज की बेटियां और महिला श्रद्धालु कलश लेकर शामिल हुई। जिसकी आगवानी डीजे से निकल रहे सुमधुर भजनों के माध्यम से हो रही थी। इसके उपरांत समाज के युवा हाथों में भगवान ध्वज



थाम कर चल रहे थे। सबसे अंत में चल रही बग्घी में यज्ञाचार्य पंडित नलिनीकांत शर्मा और भागवत कथा वाचक पंडित मनोहर महाराज विराजित थे। यह कलश यात्रा कुंड परिसर से शुरू होकर हाइवे से होते हुए महायज्ञ स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई।

### दोपहर में होगी श्रीमद् भागवत कथा, 27 को पूर्णाहूति

यहां पर श्री विद्या महालक्ष्मी महायज्ञ का महत्व बताते हुए यज्ञाचार्य पंडित नलिनीकांत शर्मा ने बताया कि इस महायज्ञ से अक्षय रिद्धि-सिद्धि एवं सुख समृद्धि में निरंतर वृद्धि होती है। समस्त अनिष्ट गृह शांत होते हैं और भाग्योदय होता है। उन्होंने बताया कि यज्ञ भगवान की परिक्रमा करने से सम्पूर्ण तीर्थों की परिक्रमा का फल प्राप्त होता है। महायज्ञ की पूर्णाहूति 27 मई को होगी। इस अवसर पर प्रतिदिन दोपहर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भी होगा।

### आपदा प्रबंधन जागरूकता से प्रशिक्षित हुए

# नागरिकों की सुरक्षा हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी : टण्डन

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

विदिशा जिले में नागरिको को प्राकृतिक आपदाओं या मानव त्रुटि से होने वाली अप्रत्याशित घटनाओं से बचाव, सतर्कता और घटित होने पर क्या करें इत्यादि प्रस्तुतियों को ध्यानगत रखते हुए प्रशिक्षण सत्रो का आयोजन होमगार्ड विभाग के द्वारा आयोजित कर प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया जा रहा हैं।

विदिशा के रविन्द्रनाथ टैगौर सांस्कृतिक भवन ( आडिटोरियम ) में आज सिविल डिफेंस जनजागरूकता कार्यक्रम के तहत नागरिको और महाविद्यालय के विद्यार्थियों को संयुक्त रूप से प्रशिक्षित किया गया है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विदिशा विधायक मुकेश टण्डन ने कहा कि हरेक नागरिक की सुरक्षा हम



सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विगत दिनो देश में निर्मित हुई विषम परिस्थितियों पर प्रधानमंत्री जी द्वारा अंकुश लगाते हुए मुंह तोड़ जबाव देने के कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि नागरिक सुरक्षा से प्रशिक्षित करने का यह अभियान भविष्य में हम सबको सतर्क और जागरूक रहने में विशेष मार्गदर्शन देगा। उन्होंने कहा कि पहले भी सिविल डिफेंस के प्रशिक्षण विभिन्न स्तरो पर आयोजित किए जाते थे अब यह कार्य युद्धगति से जिला प्रशासन एवं डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेट होमगार्ड और एसडीईआरएफ की टीमो के द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समय पर जागरूक होना अति आवश्यक है ताकि हम विषम परिस्थितियो में अपने आपको सर्वाइव कर सकें।

विधायक ने कहा कि प्रशिक्षण में सभी प्रकार के अनुभव सांझा होते है आपसी सदभाव बढता है और अनुशासन एवं एक ही लक्ष्य तय होता है। उन्होंने प्राचीन प्रशिक्षण की श्रेणी मोहल्लो में अखाडो के द्वारा दी जाने वाली शारीरिक स्वच्छता को रेखांकित किया है। कार्यक्रम को महाराणा प्रताप कॉलेज के प्राचार्य श्री यशवंत सिंह राठौर ने भी सम्बोधित किया वहीं डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड श्री मयंक जैन ने आयोजन के उद्धेश्यों को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन पीसी रश्मि दुबे ने किया। एसडीईआरएफ टीम के सदस्यों ने सिविल डिफेंस के लिए निर्धारित मुख्य प्रमुख बिन्दुओं के तहत आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, हवाई हमले के बाद बचाव एवं राहत कार्य की विस्तृत जानकारी देते हुए विषम परिस्थितियों में संयम बरतते हुए समाज की सेवा में योगदान कैसे दें इत्यादि से अवगत कराया है। प्रशिक्षण सत्र में सिविल डिफेंस के साथ-साथ महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने भी सहभागिता निभाई।

रविन्द्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन ( आडिटोरियम ) में लगभग तीन घंटे के प्रशिक्षण में एसडीएम श्री क्षितिज शर्मा के अलावा अन्य विभागो के अधिकारी तथा डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेट होमगार्ड कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी व एसडीईआरएफ टीम के सदस्गण मौजूद रहे।

## बारिश को दृष्टिगत रखते हुए नपा ने नगर के सभी नालों की करवाई सफाई

**सिरोंज।** नगर पालिका परिषद सिरोंज द्वारा बारिश को दृष्टिगत रखते हुए नगर के सभी नालों की सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जिसके अंतर्गत आज वार्ड क्रमांक 21 मनसापूरन मंदिर के पास स्थित नाले की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर ट्राली एवं लेवर के माध्यम से कराया गया । नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू द्वारा बताया गया कि शहर के सभी नालों की सफाई का कार्य माह जून से पूर्व करा दिया जावेगा नगर पालिका के स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना द्वारा मौके पर रहकर नाले की सफाई का कार्य कराया गया।



## बच्चों ने समर कैंप में पेंटिंग व खेलकूद गतिविधियों में उत्साह पूर्वक भाग लिया

**सिरोंज।** विदिशा उत्कृष्ट विद्यालय विदिशा में 1 मई से 20 मई तक समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें तीन विधाओं पर पेंटिंग, इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स एवं खेलकूद गतिविधियां शामिल रहीं। समर कैंप का आज समापन हुआ है। समर कैंप के दौरान संयुक्त कलेक्टर एवं शिक्षा विभाग की नोडल अधिकारी श्रीमती शशि मिश्रा, टेक्निकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉक्टर केके पंजाबी, अतुल शाह, बीएस तोमर, जिला शिक्षा अधिकारी आरके ठाकुर सहित अन्य विद्यालयों के प्राचायों ने बच्चों के साथ सहभागिता की एवं अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। इस दौरान बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई तथा इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स का प्रस्तुतीकरण देखकर सभी लोग हथप्रभ थे। बच्चों के कम्युनिकेशन कौशल को देखकर सभी ने समर कैंप की उपादेयता की प्रशंसा की। आज समर कैंप का समापन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस कैंप में बच्चों के बीच सृजनजनशीलता एवं कम्युनिकेशन स्किल का अनोखा संगम देखा गया। विद्यालय की ओर से विद्यालय के प्राचार्य खजान सिंह, शिक्षक धैर्य श्रीवास्तव, प्रशांत वर्मा, मयंक नामदेव, लोकेश धाकड़, प्रिया बमुरिया, पेंटिंग एवं क्राफ्ट की ओर से मनीष दीक्षित ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। प्राचार्य ने समर कैंप में सहयोग करने वाले समस्त शिक्षकों, प्रशिक्षकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



## जनसुनवाई में 195 आवेदन प्राप्त हुए

**सिरोंज।** विदिशा जिला मुख्यालय पर आज मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में 195 आवेदको ने आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। कलेक्ट्रेट के भूतल स्थित जनसुनवाई कक्ष में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त आवेदनो और आवेदको से चर्चा कर उनकी समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए मौके पर 47 आवेदनो का निराकरण कराया है। अपर कलेक्टर श्री डामोर ने शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही कर निराकरण की जानकारी जन आकांक्षा पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश उल्लेखित विभागो के अधिकारियों को दिए गए है। कलेक्ट्रेट के भूतल स्थित जनसुनवाई कक्ष के समीप स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपचार केम्प के अलावा आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के कार्यो का भी संपादन किया जा रहा है। आज सम्पन्न हुई जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, संयुक्त कलेक्टर सुश्री निकिता तिवारी, श्रीमती मोहिनी शर्मा, श्रीमती शशि मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर संतोष बिटौलिया समेत विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे और वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से अन्य अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों से संवाद किया गया है।



## चालानो की जानकारी उपलब्ध कराने निर्देश

**सिरोंज।** जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि जिले में पदस्थ ऐसे कर्मचारी जिनका एनपीएस कटौत्रा चालान के माध्यम से लेखा शीर्ष में जमा किया है परन्तु उनके प्रान में जमा नहीं हुआ है। 185 चालान विदिशा कोषालय अंतर्गत आईएफएमआईएस सिस्टम में लंबित प्रदर्शित हो रहे थे। उपरोक्त् जानकारी कार्यालयो के अधिकारियों को प्रेषित की गई थी जिसमें से 170 चालान की जानकारी संबंधित कार्यालयों से प्राप्त कर प्रान नम्बर अंकित करते हुए कर्मचारियों के प्रान नम्बर में मिसिंग राशि जमा करने की कार्यवाही कर दी गई है। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि शेष 15 चालान ऐसे लंबित है जिनमें राशि लेखा शीर्ष में तो जमा कर दी गई है लेकिन उक्त राशि एनपीएस की है या नहीं संबंधित कर्मचारी की जानकारी के अभाव में ज्ञात नहीं हो पा रही है। अतः इस प्रकार के चालान आईएफएमआईएस सिस्टम में सिर्फ नाम व राशि दर्ज है जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि उक्त कर्मचारी कौन से कार्यालय से संबंधित है। जिन चालानो की जानकारी में सिर्फ नाम प्रदर्शित हो रहा है विभाग का नाम पता नहीं चल रहा है उन चालानो की वर्षवार जमा राशि इस प्रकार से है। वर्ष 2018 का रूद्रपाल तथा वर्ष 2021 में अनूप कुमार के कुल तीन चालान, जबकि अनूप के कुल सात, वहीं 2017 में यशवंत का एक और दो एडीएस उल्लेख के चालान और वर्ष 2020 में ई संजय सागर बासौदा के नाम का चालान किस कर्मचारी के नाम से जमा हुआ है की जानकारी अब तक जिला कोषालय को प्राप्त नहीं हुई है।

# नगर परिषद ने जेसीबी का नहीं किया भुगतान, 2 साल से चक्कर काट रहा मशीन मालिक

तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो

नगर परिषद की लापरवाही ने जेसीबी मशीन मालिक को आर्थिक संकट में धकेल दिया है नगर परिषद के कार्यों में अहम भूमिका निभाने वाली जेसीबी मशीनों के मालिक दीपक विश्वकर्मा का कहना है कि वे दो साल से बार-बार नगर परिषद कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन भुगतान के नाम पर केवल खोखले वादे मिल रहे हैं दरअसल करीब दो साल पहले नगर परिषद के उपयंत्री भूपेंद्र सींग और जलप्रभारी रामकुमार यादव ने जेसीबी मशीन किराए से लेकर नगर की चोक नालियों को मशीन से साफ़ कराया था इसके बाद मशीन से कचरा प्लांट में भी काम कराया गया जिसका कुछ भुगतान नगर परिषद ने किया और शेष राशि कुछ दिन बाद भुगतान करने को कहा गया मगर अब पूरे दो साल बीतने को हो गए मगर अब तक शेष राशि का भुगतान नहीं किया गया मशीन की किस्त रखरखाव डीजल और भी अन्य खर्चे मशीन में लगे रहते हैं भुगतान ना होने के कारण आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड रहा है जब इस संबंध में नगर परिषद उपयंत्री भूपेंद्र सींग से बात की तो उन्होंने बताया कि मैंने फ़ाइल वगैरह तो सब बना रखी है उन्होंने बताया कि एक बार तो



फ़ाइल ही गुम गई थी फिर दूसरे बार फिर फ़ाइल बनाई है मगर सीएमओ पेमेंट ही नहीं कर रहे हैं कह रहे हैं बजट ही नहीं है उपयंत्री ने बताया मैंने तो अपनी तरफ़ से पूरा काम कर दिया है पेमेंट करना मेरे अधिकार में नहीं रहता है ,कागज़ी करवाई जो थी वो मैंने अपने तरफ़ से पूरी कर दी है जब इस संबंध को लेकर नगर परिषद सीएमओ प्रेम सिंह चौहान से बात हुई तो उन्होंने कहा मुझे इसकी जानकारी नहीं कि कहाँ किसने मशीन चलवा ली और चलवाई है मैं जानकारी लेकर फिर बताता हूँ 7हालांकि, मशीन मालिक दीपक विश्वकर्मा का कहना है कि बार-बार आश्वासन के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है अर्थात नगर परिषद द्वारा भुगतान नहीं किया है अब अगर नगर परिषद भुगतान नहीं करता है तो न्यायालय की शरण लेकर उचित कार्रवाई की मांग करूँगा

# ये कैसा है बिजली का मेंटेनेंस, जरा सी आंधी और बारिश आने पर गुल हो जाती है बिजली

- कई जगह पुराने ट्रांसफॉर्मर और केबल के भरोसे विद्युत सप्लाई
- कर्मचारियों पर लाखों खर्च, भगवान भरोसे चल रहा कार्य



तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो

मानसून पूर्व बिजली कंपनी ने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कर रही हैं। बावजूद नगर सहित ग्रामीण आबादी को घंटों बिजली कटौती का संकट झेलना पड़ता है। नगर और आसपास के क्षेत्रों में जरा सी आंधी तूफान बारिश के चलते विद्युत व्यवस्था ठप्प हो जाती है। कंपनी की नगर क्षेत्र में 11 केव्ही लाइने और 33 केव्ही लाइनें लगी है। विद्युत कंपनी के हजारो उपभोक्ता है, नगर की अधिकांश उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लग चुकी है जिनके बल भी भारी भरकम आ रहा है लेकिन लाइनमेन कर्मचारियों की संख्या बढ़ने के बजाय समाप्त हो गई है । साथ ही केबिल खम्भों में लगे बॉक्स फाल्ट की वजह बन रहे है जिसके कारण 17-18 साल पुरानी लाईनों के तारों व ट्रांसफॉर्मर की देखरेख करना मुश्किल हो रहा है। कंपनी का दावा है कि बिल, नए कनेक्शन आदि सभी को ऑनलाइन कर दिया है। हकीकत ये है कि पुरानी लाईनों पर मामूली लोड आने, हवा आंधी चलने पर फाल्ट हो जाता है। आज भी कई ऐसे स्थान है, जहां सालों पुराने ट्रांसफॉर्मरों से ही विद्युत सप्लाई दी जा रही है। तेज धूप के बाद बारिश में पानी लगने व ओवरलोड होने पर इंसुलेटर, सर्किट सहित अन्य फाल्ट से जल जाते हैं। पुरानी विद्युत लाईनों को बदलने विभाग के पास बजट का अभाव है। कहीं भी लाईनों को बदलने व ट्रांसफॉर्मर बदलने की नौबत आती है, इसके लिए विभागीय औपचारिकताएं लंबी चलती है।

आउटसोर्स के भरोसे विभाग = सरकारी कर्मचारियों नही बचे

विद्युत वितरण कंपनी में स्थायी लाइनमेनों की संख्या धीरे-धीरे कम है। कोई भी शासकीय लाइनमैन नहीं बचा है नगर एवं ग्रामीण आबादी में विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने ला आउटसोर्स कर्मचारियों से काम कराना पड़ता है। विभाग में आज लाइनमेन के पद के कर्मचारी रिटायर्ड हो चुके हैं शासन स्तर पर स्थायी कर्मचारियों की नियुक्ति ना करने से विभागीय अधिकारी भी परेशान हैं। उन्हें लाईनों की मरम्मत करने के लिए आउटसोर्स कर्मचारियों के भरोसे रहना पड़ता है। बताया जाता है की आउटसोर्स में लगे कर्मचारियों की संख्या लगभग 30 है जो लाईनों में फाल्ट आने पर पहुंचकर सुधार कार्य करते है।

प्रपोजल बनाकर भेजे गए-- प्रभारी सहायक यँत्री

प्रभारी सहायक यंत्री मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी तेंदूखेड़ा एम एफ अंसारी का कहना है कि

नगर में जहां 11केवी ट्रांसफार्मर खराब नहीं है केबिल में जरूर प्रॉब्लम आ रहे हैं केबिल के एस्टीमेट प्रपोजल बनाकर भेजे गए हैं सेंट्रल का प्रोजेक्ट है जब वहां से पैसा आएगा तभी काम हो पाएगा मेरे द्वारा बहुत कार्य करा दिए गए हैं और आगे बहुत से काम होना है कई जगह की केबिल बदलवा दी गई है बरसात के पूर्व स्वीकार प्राथमिकता के तौर पर करा दिए जाएंगे।

**मेट्रो एंकर** शाम चार बजे उत्कृष्ट विद्यालय से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौक पर समाप्त होगी यात्रा

# ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सैनिकों के सम्मान में आज निकलेगी तिरंगा यात्रा

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

पहलगाम में निहत्थे भारतीय नागरिकों पर हुए आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना द्वारा आतंकवाद के खिलाफ शुरू की गई मोर्चाबंदी, पाकिस्तान में पनप रहे आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने के साथ सीमा पार पाकिस्तान से भारतीय नागरिकों पर द्रोण एवं मिसाइलों से किए गए हमलों को आसमान में ही धराशाही करने एवं भारत देश के नागरिकों और संपति को नुकसान नहीं होने देने वाली भारतीय सेना के जाबांज सैनिकों के समर्थन तथा सम्मान में आज बुधवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

यह तिरंगा यात्रा शाम चार बजे कटरा मोहल्ले में स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार से होती हुई पुराने बस स्टैंड पर अंबेडकर चौक पर पहुंचकर सम्पन्न होगी। यात्रा में पैदल नागरिकों के साथ दो पहिया एवं चार पहिया वाहन भी शामिल होंगे।

राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध



नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से आयोजित होने वाली इस तिरंगा यात्रा में सभी समाजों के देशभक्त नागरिकगण,युवा,विद्यार्थी,माता बहिनों सहित सभी राजनैतिक दलों,सामाजिक एवं व्यापार संगठनों से तिरंगा झंडा लेकर शामिल होने की अपील की गई है।

देश की सेना के जज्बे,पराक्रम को सम्मान देने तथा भारतीय सेना की हौसला अफजाई करने के उद्देश्य को लेकर आयोजित हो रही इस तिरंगा यात्रा को भव्यता प्रदान करने तथा नागरिकों की सहभागिता को लेकर भारतीय जनता पार्टी संगठन ने अपने कार्यकर्ताओं की बैठक कर सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को यात्रा में सहभागिता करने के आव्हान के साथ तैयारियों को लेकर बैठक की। अन्य राजनैतिक दलों एवं विभिन्न संगठनों द्वारा भी इस आयोजन में सहभागिता को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। बैठक में भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा भी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल ओर केवल भारतीय सेना के वीर सैनिकों के प्रति अपना सम्मान देने की भावना से आयोजित हो रही है। राजनैतिक भावना से ऊपर उठकर जिसमें हम सब भी एक नेता की नहीं बल्कि आम नागरिक की भांति शामिल होंगे। उन्होंने सिरोंज शहर के नागरिकों से इस यात्रा में पैदल शामिल होने एवं ग्रामीण क्षेत्रों सहित दूरदराज से आने वाले तथा पैदल चलने में असहाय नागरिक अनुशासित ढंग से कतारबद्ध होकर दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों से भी शामिल हो सकेंगे। इसके लिए उन्होंने जिम्मेदारियां का भी वितरण किया। तिरंगा यात्रा के लिए आयोजन में सहभागिता कर रहे नागरिकों ने शहर के विभिन्न हिस्सों में जनसंपर्क कर नागरिकों से सैनिकों के सम्मान में आयोजित हो रही यात्रा में सहभागिता करने का आव्हान किया।

## आईपीएल में आज

# प्ले ऑफ के लिए दावा मजबूत करने उतरेंगे एमआई और डीसी




**मुंबई , एजेंसी**

एकमात्र उपलब्ध प्ले ऑफ स्थान के लिए चुनौती पेश कर रही मुंबई इंडियन्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुधवार को जब यहां आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें इस मुकाबले को जीतकर अपना दावा मजबूत करने पर टिकी होंगी। मुंबई का पलड़ा हालांकि भारी नजर आ रहा है। टीम ने बेहद खराब शुरुआत के बाद जोरदार वापसी की और अब शीर्ष चार में शामिल है। दिल्ली की शुरुआत काफी अच्छी रही थी लेकिन टीम अपने पिछले छह मैच में सिर्फ एक जीत दर्ज कर पाई है। सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ सुपरजाइंट्स की हार के साथ टीम की प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद भी खत्म हो गई जिससे अब मुकाबला मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा। गुजरात टाइटन्स, पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहले ही नॉकआउट में जगह पक्की कर ली है। मुंबई इंडियंस (14 अंक) और दिल्ली कैपिटल्स (13 अंक) दोनों के पास प्ले ऑफ में जगह बनाने का मौका है लेकिन वानखेड़े स्टेडियम में मेजबान टीम प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। मुंबई की जीत से उनके 16 अंक हो जाएंगे और टीम अक्षर पटेल की अगुवाई वाली टीम की पहुंच से बाहर हो जाएगी वहीं दिल्ली कैपिटल्स को आगे बढ़ने के लिए अपने बचे हुए दोनों मुकाबले जीतने की जरूरत है। दोनों टीमों को अपने आखिरी मुकाबले पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलने हैं। मुंबई इंडियंस की फॉर्म और गहराई उनके पक्ष में है। टीम को हालांकि लगभग दो सप्ताह पहले गुजरात टाइटन्स के खिलाफ करीबी मैच में हार का सामना करना पड़ा था। लगातार छह जीत के बाद मुंबई को यह हार झेलनी पड़ी थी। जीत के साथ मुंबई की टीम प्लेऑफ में पहुंच जाएगी लेकिन हार की स्थिति में उनका भाग्य 24 मई को दिल्ली और पंजाब के बीच होने वाले मुकाबले के नतीजे पर निर्भर करेगा। महेला जयवर्धने के मार्गदर्शन में खेल रही टीम हालांकि दिल्ली को हराकर अगर-मगर पर विराम लगाना चाहेगी।

### रोहित पर टिकी होंगी सभी नजरें

मुंबई के सुपरस्टार रोहित शर्मा पर सभी की नजरें होंगी क्योंकि टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद यह उनका पहला मैच होगा। यह अनुभवी बल्लेबाज अपनी पूरी ताकत झोंकने और अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए उत्सुक होगा। मुंबई की टीम अपने मौजूदा संयोजन का भी पूरा लाभ उठाना चाहेगी जिसमें रेयान रिकेल्टन और कॉर्बिन बॉश प्रमुख भूमिकाओं में हैं। प्लेऑफ से पहले ये दोनों दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़ने के लिए रवाना होंगे। सूर्यकुमार यादव बल्ले से अपनी बेहतरीन फॉर्म को जारी रखना चाहेंगे लेकिन मुंबई को तिलक वर्मा के लय हासिल करने की उम्मीद होगी। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज मौजूदा सत्र में प्रभाव छोड़ने में विफल रहा है और पिछले पांच मैच में तीन बार

**टीमें**| मुंबई इंडियंस: हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज, रेयान रिकेल्टन, श्रीजीत कृष्णन, बेवन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिचेल सेंटनर, राज अंगद बावा, रघु कुमार, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान और जसप्रीत बुमराह।
दिल्ली कैपिटल्स- अक्षर पटेल (कप्तान), मुस्ताफिजुर रहमान, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोकेश राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकांडे, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।

# ब्राइटन ने लीवरपूल को हराया



ब्राइटन। स्थानापन्न खिलाड़ी जैक हिन्सेलवुड के गोल की मदद से ब्राइटन ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां लीवरपूल को 3-2 से हराकर यूरोपीय क्लब फुटबॉल में खेलने की अपनी मामूली उम्मीदों को जीवंत रखा। अगर चौथे स्थान पर चल रही चेल्सी की टीम अगले हफ्ते यूरोपा कांफ्रेंस लीग जीत लेती है जो संभावना है कि प्रीमियर लीग में आठवें स्थान की टीम अगले सत्र में कांफ्रेंस लीग में जगह बना सकती है। इस जीत से ब्राइटन की टीम प्रीमियर लीग अंक तालिका में आठवें स्थान पर पहुंच गई। टीम ब्रेंटफोर्ड से तीन, फुलहम से चार और बोर्नेमाउथ से पांच अंक आगे है। बोर्नेमाउथ को अभी दो और मैच खेलने हैं जबकि बाकी चार टीम का एक-एक मैच बचा है।

## आईपीएल 2025 बीसीसीआई ने घोषित किया प्लेऑफ का कार्यक्रम

# कोलकाता नहीं, अब अहमदाबाद में खेली जाएगी आखिरी जंग

**नई दिल्ली , एजेंसी**

बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 के प्लेऑफ का संशोधित कार्य क्रम घोषित कर दिया है। इसके अनुसार, अब इस सीजन का खिताबी मुकाबला कोलकाता के ईडेन गार्डेंस की जगह अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते आईपीएल का मौजूदा सीजन एक सप्ताह के लिए स्थगित हुआ था जो 17 मई से दोबारा शुरू हुआ था। बीसीसीआई ने शेष मुकाबलों के लिए संशोधित कार्य क्रम की घोषणा कर दी थी, लेकिन फाइनल और प्लेऑफ के वेन्यू नहीं बताए थे। माना जा रहा था कि कोलकाता ने फाइनल की मेजबानी छीन सकती है और मंगलवार को आधिकारिक तौर पर इस पर मुहर भी लग गई। बीसीसीआई के संशोधित कार्य क्रम के अनुसार, न्यू चंडीगढ़ का पीसीए स्टेडियम 29 मई को क्वालिफायर-1 और 30 मई को एलिमिनेटर मुकाबले की मेजबानी करेगा। वहीं,



दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम एक जून को क्वालिफायर-2 और तीन जून को फाइनल मुकाबले की मेजबानी करेगा। पुराने कार्य क्रम के मुताबिक, हैदराबाद और कोलकाता को प्लेऑफ मुकाबले की मेजबानी करनी थी। आईपीएल ने अपने बयान में बताया कि आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने मौसम और अन्य कारणों के चलते प्लेऑफ और फाइनल के वेन्यू में बदलाव किया है।

**तीन टीमें कर चुकी हैं क्वालिफाई**| आईपीएल 2025 का सीजन अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है और अब तक पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली है और मुंबई इंडियंस तथा दिल्ली कैपिटल्स के बीच चौथे स्थान की जंग बरकरार है। गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), लखनऊ सुपर जाएंट्स, चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स का सफर ग्रुप चरण में ही थम गया है।

### आरसीबी-सनराइजर्स के मैच के वेन्यू में हुआ बदलाव

आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बंगलूरू में खेला जाने वाले मुकाबले के वेन्यू में भी बदलाव किया है। आरसीबी और हैदराबाद के बीच आईपीएल 2025 का 65वां मुकाबला बंगलूरू में खेला जाना था, लेकिन अब इसे लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल विहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में कराने का फैसला लिया गया है। आईपीएल ने बताया कि बंगलूरू में खराब मौसम को देखते हुए लखनऊ में इस मैच को स्थानांतरित करने का फैसला किया गया है। इससे पहले आरसीबी और केकेआर के बीच 17 मई को खेला जाने वाला मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था और इसमें टॉस भी नहीं हो सका था। भारतीय मौसम विभाग ने गुरुवार तक के लिए बंगलूरू में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और भारी बारिश की संभावना जताई गई है। यही कारण है कि बोर्ड को अंतिम समय में इस मुकाबले के लिए वेन्यू में बदलाव करना पड़ रहा है। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने इसके अलावा प्लेऑफ के साथ ही 20 मई से ग्रुप चरण के शेष मुकाबलों के लिए अतिरिक्त एक घंटा जोड़ा है।

## श्रीकांत ने मलेशिया मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई



**कुआलालंपुर।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने मंगलवार को मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली है। क्वालीफाइंग दौर में यह भारत के लिए एकमात्र अच्छी खबर रही, क्योंकि अन्य भारतीय खिलाड़ी एकल वर्ग में क्वालीफायर की चुनौती से पार नहीं पा सके। यह टूर्नामेंट बीडब्ल्यूएफ टूर सुपर 500 सीरीज का हिस्सा है और इसमें दुनिया के चोटी के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता विश्व रैंकिंग की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। वापसी की राह पर चल रहे श्रीकांत ने अपने दूसरे क्वालीफाइंग पुरुष एकल मुकाबले में पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को 9-21, 21-12, 21-6 से हराया।

विश्व चैंपियनशिप 2021 के इस रजत पदक विजेता खिलाड़ी ने इससे पहले शुरुआती दौर में चीनी ताइपे के एक अन्य खिलाड़ी कुओ कुआन लिन को 21-8, 21-13 से हराकर शानदार शुरुआत की थी। पूर्व विश्व नंबर एक श्रीकांत अब मुख्य ड्रॉ में छठी वरीयता प्राप्त चीन के खिलाड़ी लू गुआंग जु के खिलाफ एक कठिन चुनौती का सामना करेंगे। अन्य मैचों में थारुन मन्नेपल्ली को

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# शंघाई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बतौर जूरी हिस्सा लेंगी किरण राव, बोलीं- सम्मान की बात



27वें शंघाई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आगाज अगले महीने से होने जा रहा है। इस बार इस प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल में निर्माता-निर्देशक किरण राव भी शिरकत करने वाली हैं। वे बतौर जूरी सदस्य फेस्टिवल से जुड़ेंगी। यह फेस्टिवल चीन के शंघाई में 13 जून से 22 जून 2025 तक आयोजित होने वाले हैं।

फेस्टिवल में बतौर जूरी सदस्य नियुक्त किए जाने पर किरण राव ने खुशी जताई है। उनका कहना है कि यह सम्मान की बात है। किरण राव के मुताबिक, %अंतर्राष्ट्रीय सिनेमा और कहानी कहने को बढ़ावा देने वाले महोत्सव का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। मैं स्क्रीन पर विभिन्न प्रकार की आवाजों और नजरियों का अनुभव करने और दुनियाभर के अपने साथी निर्णायकों के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हूं। किरण वैश्विक सिनेमा की प्रतिष्ठित हस्तियों के पैनल में शामिल होंगी, जिसका नेतृत्व इतालवी निर्देशक और पटकथा लेखक ग्यूसेप टॉर्नेटोर करेंगे, जो ऑस्कर विजेता फिल्म %सिनेमा पैराडाइसो% के लिए जाने जाते हैं। जूरी सदस्यों में सिनेमा से जुड़ी प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हैं। अर्जेंटीना के फिल्म निर्माता इवान फंड, चीनी अभिनेता और निर्देशक हुआंग बो, यूनानी निर्माता थानासिस कराथनोस, चीनी निर्देशक और डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता यांग लीना और चीनी अभिनेत्री योंग मेई इस लिस्ट में हैं।

# कान में गूंजी फैशन को पर्यावरण हितकारी बनाने की आवाज, आरुषि ने थामा बदलाव का परचम



हिंदी सिनेमा में पर्यावरण बचाओ मुहिम का पर्याय बन चुकीं अभिनेत्री आरुषि निशंक का मानना है कि फैशन महोत्सवों को भी धरती को बचाने की मुहिम से जोड़ा जा सकता है और एक ऐसी व्यवस्था भी फैशन उद्योग में बननी चाहिए जिसमें फैशन के चक्रीय उपयोग से न सिर्फ पर्यावरण की सुरक्षा हो सके बल्कि दुनिया भर में ग्लैमर जगत के लोगों के बीच अपनी धरती को बचाने का एक ठोस संदेश भी प्रसारित हो।

पर्यावरण की पैरोकार आरुषि निशंक ने इस बार के कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर अपने पहले कदम के साथ एक ऐतिहासिक और सशक्त संदेश दिया। उन्होंने 'सर्कुलर फैशन' यानी पर्यावरण को ध्यान में रखकर बनाए गए परिधान में शिरकत की, जो कि फैशन की दुनिया में एक नई दिशा की ओर इशारा करता है। आरुषि के ड्रेस की खासियत यह थी कि वह पारंपरिक कढ़ाई के साथ आधुनिक टिकाऊ डिजाइन का सुंदर संगम था। आरुषि की पोशाक ने प्रकृति से जुड़ाव और जीवन की ऊर्जा को दर्शाया। यह परिधान ज़ीरो-वेस्ट कटिंग तकनीक से तैयार किया गया था, जिससे पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे। इस ड्रेस में इस्तेमाल की गई सामग्री नैतिक रूप से प्राप्त और टिकाऊ रूप से तैयार की गई थी। अपने इस लुक के माध्यम से आरुषि ने यह साबित किया कि पर्यावरण के अनुकूल फैशन भी ग्लैमरस और स्टाइलिश हो सकता है। उन्होंने फैशन इंडस्ट्री को यह दिखाया कि सुंदरता और संवेदनशीलता एक साथ चल सकती हैं।

### पर्यावरण के अनुकूल सोच को दिया जा सकता है बढ़ावा

इसके अलावा कान में आयोजित पैनल चर्चा मेकिंग इंडिया अ ग्लोबल फिल्म पावर हाउस में बतौर विशेष अतिथि बोलते हुए आरुषि ने कहा कि फिल्मों में भी सर्कुलर फैशन के जरिए पर्यावरण के अनुकूल सोच को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने कहा, थ्रेड्स विद जीरो रिग्रेट (बिना पछतावे के धागे) – यह बदलाव न सिर्फ फैशन और फिल्म उद्योग के लिए ज़रूरी है, बल्कि यह दर्शाता है कि सुंदरता और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी साथ-साथ निभाई जा सकती है। आरुषि हाल ही में संयुक्त राष्ट्र, जिनेवा में भी एक सम्मेलन में देखी गईं, जहां उन्होंने कहा कि सर्कुलर इकोनॉमी किसी भी देश के लिए एक ज्यादा टिकाऊ और मजबूत अर्थव्यवस्था की दिशा में रास्ता खोल सकती है। उनके इस संदेश को वैश्विक मंच पर सराहना मिली।



**मेट्रो बाजार**

# सोना 490 रुपये टूटा, चांदी में 1,000 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली।** कमजोर मांग के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 490 रुपये की गिरावट के साथ 96,540 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 97,030 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इसी के साथ 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 450 रुपये की गिरावट के साथ 96,130 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। इससे पहले के कारोबारी सत्र में यह 96,580 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, 'मंगलवार को सोने में मामूली गिरावट दर्ज की गई। अमेरिका-चीन



व्यापार युद्धविराम के बारे में जारी आशावाद, साथ ही रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम की उम्मीदें, सकारात्मक जोखिम भावना को बढ़ा रही हैं और सुरक्षित निवेश के लिए सोने की अपील को कमजोर कर रही हैं।' मंगलवार को चांदी की कीमतें 1,000 रुपये गिरकर 97,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गईं, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। गांधी ने कहा कि फेडरल रिजर्व के एक अन्य सदस्य द्वारा उठाए गए आक्रामक रुख के बाद कारोबारी अमेरिकी केंद्रीय बैंक की भविष्य की ब्याज दरों में कटौती को लेकर अनिश्चित हैं, जिससे सोने की कीमतों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। विदेशी बाजार में हाजिर सोना मामूली रूप से बढ़कर 3,233.68 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। कोटक सिक्योरिटीज में एवीपी-जिंस शोध कायनात चैनवाला ने कहा कि निवेशक मौद्रिक नीति संकेतों के लिए दिन के उत्तरार्द्ध में कई अमेरिकी फेडरल रिजर्व अधिकारियों के संबोधनों का इंतजार कर रहे हैं।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कृषि क्षेत्र का पांच प्रतिशत की दर से बढ़ना जरूरी : चौहान

**नयी दिल्ली।** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में पांच प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर जरूरी है। चौहान ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 93 प्रतिशत कृषि भूमि पर खाद्यान्न उगाया जाता है, लेकिन वृद्धि सिर्फ 1.5 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, हम फसलों में उपज के अंतर को पाटने और राष्ट्रीय औसत उपज हासिल करने की दिशा में काम कर रहे हैं... अगर हमें वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो कृषि और संबद्ध क्षेत्रों को सालाना पांच प्रतिशत की दर से बढ़ना होगा। वह कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और आईसीएआर संस्थानों के निदेशकों के वार्षिक सम्मेलन के मौके पर एक संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।



मंत्री ने भरोसा जताया कि पांच प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर हासिल की जा सकती है। उन्होंने इस प्रयास में विभिन्न कृषि संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा, कृषि उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने में अनुसंधान की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। हमारा लक्ष्य कृषि की वार्षिक वृद्धि दर को पांच प्रतिशत बनाए रखना है। हमारा प्रयास है कि सभी अनुसंधान संस्थान लक्ष्य प्राप्त करने के लिए एक दिशा में काम करें। चौहान ने कहा कि भारत को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कृषि और संबद्ध क्षेत्र को 1,000 अरब डॉलर हासिल करना होगा।

# डंपर चालक ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित रक्षा विहार कॉलोनी में एक्स आर्मी मैन के बंगले में डंपर चालक में फांसी लगा ली। उसका शव बंगले के बाहर लोहे की सीढ़ियों पर गमछे के सहारे लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि पति-पत्नी में मामूली कहां शुरू हुई थी। पुलिस के अनुसार 35 साल का राजू ठाकुर चंदू खेड़ी परवलिया सड़क में रहता था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा तीन



बच्चे हैं। बड़ा बेटा है जबकि छोटा बेटा और बेटी है। राजू डंपर चलता था। उसने रक्षा विहार कॉलोनी में दिल नवाज खान का बंगला किराए पर ले रखा था। उक्त बंगले में वह परिवार के साथ रह रहा था। राजू की पत्नी माया ठाकुर ने पुलिस को बताया कि उनकी बड़ी बहन राजस्थान में रहती है। छुट्टियां होने के कारण बड़ा बेटा बहन के घर राजस्थान गया हुआ है। शुक्रवार रात माया और राजू की खाना खाते समय बात हुई। माया ने कहा कि वह बेटे को लेने राजस्थान जाना चाहती है। इसी बात को लेकर दोनों में मामूली कहा सुनी हुई। कहासुनी के बाद सभी लोग सो गए थे। सुबह कल 6-30 बजे माया की नींद खुली तो राजू उसे घर में नजर नहीं आए। माया को लगा कि वह डंपर चलाने के लिए निकल गए हैं। कुछ देर बाद वह घर के बाहर आई तो राजू का शव बंगले के बाहर लोहे की सीढ़ियों पर लटका मिला।

# गांधी नगर में फांसी लगाने व जहर खाने से 2 की मौत

**भोपाल।** गांधी नगर इलाके में फांसी लगाने से युवक और जहर खाने से महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम के लिए भेज दिया है। फिलहाल घटना के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार विकास मेहरा पुत्र घीसीलाल मेहरा (19) ग्वाल बस्ती जेल रोड गांधी नगर में रहता था और टेलरिंग का काम करता था। मंगलवार दोपहर करीब करीब तीन बजे उसने



मकान की पहली मंजिल स्थित कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। इधर ग्राम लाऊखेड़ी गांधी नगर में रहने वाली रिया धानक (21) मंगलवार को कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगडने़ पर परिजनों ने उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। दोनों ही मामलों में किसी प्रकार के सुसाइड नोट नहीं मिले हैं। मर्ग जांच के बाद ही आत्महत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# जीआरबी डिवीजन के नक्सलियों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** बालाघाट जिले के लांजी थानांतर्गत पुलिस चौकी डाबरी के जीआरबी डिवीजन के 10 से 15 नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना प्राप्त हुई थी। उक्त नक्सल आसूचना पर हॉकफोर्स तथा सीआरपीएफ बी 207 कोबरा की कुल 12 टीमों के द्वारा नक्सल विरोधी अभियान के तहत मंगलवार की सुबह सर्चिंग अभियान शुरू किया गया था। सर्चिंग के दौरान दोपहर लगभग 2 बजे हॉकफोर्स की टीम जब बिलालकसा ग्राम से लगे जंगल क्षेत्र में पहुंची तो जंगल में सूखे पत्ते होने के कारण आसपास पुलिस टीम की उपस्थिति का पता लग जाने के कारण सशस्त्र माओवादियों के समूह के द्वारा पुलिस पार्टी को देखकर उन पर 20-30 राउंड फायर किये, जिससे पुलिस टीम को आत्मरक्षार्थ पेड़ों तथा पत्थरों के पीछे आड़ लेनी पड़ी तथा नक्सली सतर्क होकर पुलिस टीम पर फायर कर मौके से भागने में सफल हो गये।

### कॉलेज लव जिहाद कांड?

# राष्ट्रीय महिला आयोग ने जारी की रिपोर्ट कहा-अपराध के पीछे बड़े नेटवर्क की शंका

**राज्यपाल व मुख्यमंत्री को भेजी जांच की विस्तृत रिपोर्ट और विभिन्न विषयों पर अनुशंसा**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी स्थित निजी कॉलेज में लव जिहाद कांड में राष्ट्रीय महिला आयोग ने जांच रिपोर्ट जारी कर दी है। विभिन्न अनुशंसाओं के साथ यह रिपोर्ट राज्यपाल और मुख्यमंत्री को भेजी गई है। आयोग की रिपोर्ट में कई चौकाने वाले खुलासे हुए हैं। मामले में महिला आयोग ने अपराध के पीछे बड़े नेटवर्क की शंका जाहिर करते हुए राज्य स्तरीय जांच की बात कही है।इसके साथ ही आयोग ने अपनी जांच में पाया कि लड़कियों को फंसाकर धर्मांतरण के लिए मजबूर किया जाता था। आरोपियों द्वारा छात्राओं को महंगे उपहार, वस्त्र, और मोटरसाइकिलों के माध्यम से आकर्षित कर प्रेमजाल में फंसाया गया। लड़कियों को नशीला पदार्थ देकर उनकी आपत्तिजनक तस्वीरें खीची गई और फिर उन तस्वीरों के जरिए उन्हें ब्लैकमेल किया गया। पीडिताएं मानसिक और सामाजिक दबाव में हैं, फिर भी उन्होंने साहस दिखाते हुए एफआईआर दर्ज करवाई। उल्लेखनीय है कि कॉलेज में लव जिहाद और ब्लैकमेलिंग



खुलासा होने के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस मामले की गंभीरता से लेते हुए तत्काल तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। इस समिति ने 3 मई से 5 मइ को भोपाल आकर पीडित छात्राओं, उनके परिवारजनों, संबंधित थाना क्षेत्रों के पुलिस अधिकारियों तथा संबंधित शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर जांच की थी। समिति ने उन स्थानों का भी दौरा किया जहां आरोपियों द्वारा पीडिताओं को नशीली दवाएं दी जाती थी और फिर उनके साथ अमानवीय कृत्य किए जाते थे। इस समिति में निर्मल कौर आईपीएस, सेवानिवृत्त, पूर्व पुलिस महानिदेशक, झारखंड (अध्यक्ष), निर्मला नायक, अधिवक्ता, उच्च न्यायालय, जबलपुर, मध्य प्रदेश (सदस्य) और आशुतोष पांडे, अवर सचिव, राष्ट्रीय महिला आयोग (सदस्य) शामिल थे। पारिवारिक स्थिति अच्छी नहीं, फिर भी हाईप्रोफाइल लाइफस्टाइल आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आरोपियों की पारिवारिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है, परंतु उनकी जीवनशैली अत्यधिक विलासितापूर्ण है, जिस कारण से ड्रग तस्करी जैसे संगठित अपराध की संभावनाओं की जांच की आवश्यकता है। आरोपियों का तरीका एक साजिशन नेटवर्क की तरह है, आरोपियों द्वारा पीड़ित छात्राओं पर धर्मांतरण के लिए भी लगातार दबाव डाला जाता रहा था। ऐसे मामलों का पता लगाने के लिए राज्यव्यापी जाँच की जा सकती है और यह भी पता लगाया जा सकता है कि क्या इन्हें किसी संगठन द्वारा वित्त पोषित किया जाता है। महिला आयोग ने अपनी जांच रिपोर्ट जारी करने के साथ ही कुछ अनुशंसाएं भी की हैं।आयोग ने कहा है कि मीडिया को चाहिए कि वह पीड़िताओं को 'रियल ब्रेव हार्ट' के रूप में प्रस्तुत करें क्योंकि ये पीड़ित छात्राएं साहस के साथ सामने आई और न्याय प्रक्रिया में भागीदारी की। पीड़िता की पहचान और गरिमा की रक्षा करते हुए, उनके मामलों की संवेदनशील, तथ्यपरक और सामाजिक दृष्टिकोण से उपयोगी रिपोर्टिंग की जाए। आयोग ने मीडिया की तारीफ करते हुए कहा है कि मीडिया की भूमिका इस केस में सराहनीय रही है। भविष्य के लिए भी यह अनिवार्य हो कि रिपोर्टिंग किसी भी जांच को प्रभावित न करे। ड्रग तस्करी के दृष्टिकोण को भी शामिल किया जाए आयोग ने अनुशंसा करते हुए पुलिस प्रशासन से कहा है कि पुलिस कर्मियों को संवेदनशीलता, संवाद कौशल आदि में प्रशिक्षित किया जाए। पीड़िताओं को पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (पीटीएसडी) से बचाने हेतु परामर्श की सुविधा दी जाए। थाना बागसेवनिया की तत्परता से आरोपी जल्द गिरफ्तार किए गए। आरोपियों के विरुद्ध संगठित अपराध से संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए।

इस मामले की जांच में ड्रग तस्करी के दृष्टिकोण को भी शामिल किया जाना चाहिए। जिस प्रकार पीड़िताओं के ऊपर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया जा रहा था उस परिप्रेक्ष्य में किसी संगठन द्वारा इन आरोपियों को वित्तपोषित करने की संभावना दिखाई देती है। इस दिशा में भी जांच की जानी चाहिए। पुलिस द्वारा नियमित निगरानी की व्यवस्था की जानी चाहिए। मोहल्ला समितियों के साथ त्रैमासिक बैठकें अनिवार्य की जाएं। कॉलेज छोड़ने के कारणों का लेखा-जोखा रखना अनिवार्य- शैक्षणिक संस्थानों के लिए महिला आयोग ने कहा है कि सभी कॉलेजों को यौन उत्पीड़न की रोकथाम नियमों के अनुपालन की रिपोर्ट जिला प्रशासन को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करनी चाहिए। आंतरिक शिकायत समिति के सदस्यों को संवेदनशील बनाया जाए तथा उन्हें प्रशिक्षित किया जाए। शैक्षिक संस्थानों को सार्वजनिक स्थानों पर शिकायत हेल्पलाइन नंबर व ईमेल आईडी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने चाहिए। जिन संस्थानों में सरकारी योजनाओं के अंतर्गत छात्रवृत्ति या मुफ्त शिक्षा दी जा रही है, वहां के छात्रों की उपस्थिति, कॉलेज छोड़ने के कारणों आदि का लेखा-जोखा रखना अनिवार्य किया जाए। भूमि तथा छात्रवृत्ति की योजनाओं का दुरूपयोग, की जाए गहन जांच आयोग ने कहा है कि राज्य की सरकारी/निजी संस्थाओं को इस संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी चाहिए कि महिलाओं से संबंधित कितनी योजनाओं की धन राशि अथवा कौशल विकास के लिए प्राप्त की गई राशि का क्या

# अवैध कॉलोनियों व मनमाने निर्माण पर चला ननि का बुलडोजर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

जिला प्रशासन ने लगातार दूसरे दिन हुजूर में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई की है। यहां तीन कॉलोनियों में अवैध प्लॉट काटे जा रहे थे। इन पर यह कार्रवाई की गई साथ ही सरकारी रोड पर कब्जा कर उसे भी अतिक्रमण मुक्त कराया गया। बीते 48 घंटे में 8 अवैध कॉलोनियों पर प्रशासन की जेसीबी चल चुकी है। एएसडीएम हुजूर विनोद सोनकिया ने बताया कि तहसील हुजूर अंतर्गत ग्राम बरखेड़ी बाज्यफत में राधा कृष्ण परिसर और एचके बिल्डर्स की अवैध कॉलोनी में प्लॉट काटे जा रहे थे। यहां पर सीमेंट रोड बनाने के साथ बाउंड्री वॉल भी बना ली गई थी। ग्राम कौड़ियां में डॉ. अनिल खेवानी द्वारा कुशाग्र ग्रीन फार्म्स में अवैध कॉलोनी काटी जा रही थी। शिकायत मिलने के बाद तीनों को नोटिस जारी किए गए थे। उनसे कॉलोनी निर्माण संबंधी अनुमति मांगी गई थी, लेकिन किसी ने भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए। एक दिन पहले भी कार्रवाई का नोटिस भेजा गया था, लेकिन उसके बाद उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद मंगलवार को उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान प्रशासन के साथ नगर निगम और पुलिस बल भी मौजूद रहा। ग्राम कौड़ियां में शासकीय रास्ते पर अनधिकृत निर्माण पाया गया। इसे भी हटा दिया गया। 20 अवैध झुग्गियों को हटाया- नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने लेडी अस्पताल के सामने बनी 20 झुग्गियों को हटाया गया। इसके साथ सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर और सार्वजनिक स्थलों से अतिक्रमण हटाया गया।

## कचरे की समस्या से परेशान हो रहे हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र के निवासी



राजधानी के पुराना हिस्से में हाउसिंग बोर्ड कालोनी क्षेत्र में नगर निगम की लापरवाही के कारण कचरे की बड़ी समस्या से परेशान हो रहे हैं।

**मेट्रो एंकर**

### पटरी किनारे खड़े बदमाशों की करतूत, खिड़की से हाथ डालकर युवती का मोबाइल छीना

# चलती ट्रेनों में झपट्टामार मोबाइल फोन लुटेरों का आतंक बढ़ा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**ट्रेन में यात्रा करने वाले मुसाफिरों के साथ मोबाइल लूट की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। जीआरपी के तमाम प्रयासों के बाद भी निशातपुरा और मिसरोद वाले आउटर पर बदमाश ट्रेन के गेट पर खड़े अथवा पायदान पर बैठे यात्रियों के मोबाइल झपट रहे हैं।**

हाल ही में अमरकंटक एक्सप्रेस, यशवंतपुर एक्सप्रेस व जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में यात्रा करने वाले यात्री मोबाइल लूट का शिकार हो गए। जीआरपी भोपाल ने तीनों मामलों में झपटमारी के प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी है। पायदान पर बैठे यात्री के मोबाइल पर मारा झपट्टा जीआरपी भोपाल के मुताबिक भोपाल में रहने वाले सोनू प्रजापति विगत 19 मई को अमरकंटक एक्सप्रेस के



जनरल कोच में भोपाल से रानी कमलापति स्टेशन की यात्रा कर रहे थे। रेलवे स्टेशन भोपाल से चलने के बाद ट्रेन धीमी गति से चल रही थी। सोनू प्रजापति गेट के पायदान पर बैठकर मोबाइल चला रहे थे। तभी ट्रेन के बाहर से एक लडक़े ने हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया। मोबाइल की कीमत 12 हजार बताई गई है।

### खिड़क़ी से हाथ डालकर मोबाइल झपटा

जीआरपी भोपाल के मुताबिक भोपाल निवासी मेघा सेन विगत 18 मई को यशवंतपुर एक्सप्रेस के कोच एस-6 में रेलवे स्टेशन भोपाल से उज्जैन की यात्रा कर रही थीं। यात्रा के दौरान भोपाल स्टेशन से ट्रेन चलने के बाद निशातपुरा केबिन के पास उन्होंने अपना मोबाइल खिड़क़ी के पास सीट पर रख दिया और स्कार्फ बांधने लगीं। उस समय ट्रेन स्लो चल रही थी। तभी किसी अज्ञात बदमाश खिड़क़ी से हाथ डालकर सीट पर रखा मोबाइल झपट लिया। क्योंकि फरियादिया को उज्जैन जाना था इसलिए वापस आकर उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### नागपुर के यात्री का मोबाइल लूटा

जीआरपी के मुताबिक नागपुर महाराष्ट्र निवासी जाहिद खान 15 मई को जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के कोच एस-6 में नागपुर से अजमेर की यात्रा कर रहे थे। रेलवे स्टेशन भोपाल से पहले वह गेट पर खड़े होकर मोबाइल चलाने लगे। उस समय ट्रेन धीमी गति से चल रही थी। तभी पटरी किनारे खड़े किसी अज्ञात बदमाश ने झपट्टा मारकर उनका मोबाइल छीन लिया। मोबाइल की कीमत 27 हजार रुपए बताई गई है। जीआरपी थाना भोपाल ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### काली चाय नहीं देने पर वेंडर की पिटाई

जीआरपी थाना रानी कमलापति के मुताबिक भोपाल निवासी विकास सिंह मां कमला रेस्टोरेंट रेलवे स्टेशन रानी कमलापति में वेंडर हैं। उनकी ड्यूटी 19 मई की रात करीब 10 बजे से 20 मई की सुबह 10 बजे तक थी। रात करीब एक बजे वह अपने रेस्टोरेंट में चाय बना रहे थे। तभी देशी जायका में काम करने वाले रूपम बनिक, सचिन वाल्मीकि और एक अज्ञात लडक़ा नशे की हालत में वहां पहुंचे और विकास से काली चाय की मांग की। विकास से कहा कि यहां काली चाय नहीं बनती है। तीनों गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने वेंडर को रेस्टोरेंट से बाहर निकाला और मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर कुछ लोग और पुलिसकर्मी भी वहां पहुंच गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

### वेटिंग रूम से आधार कार्ड बनाने की आइरिस मशीन चोरी

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के जेंट्स वेटिंग रूम एक यात्री का बैग चोरी हो गया। बैग में आधार कार्ड बनाने की आयरिस मशीन, जीपीएस डिवाइस, एमएफएस एलवन डिवाइस समेत हजारों का सामान रखा था। जीआरपी रानी कमलापति ने चोरी का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक सीधी निवासी पंकज यादव 19 मई को रीवांचल एक्सप्रेस के पीछे के जनरल कोच में रीवा से रानी कमलापति स्टेशन की यात्रा कर रहे थे। कमलापति स्टेशन पर उतरने के बाद वह ओवरब्रिज पर बने जेंट्स वेटिंग रूम में जाकर सो गए। उन्होंने अपना बैग बाजू में रखा था। कुछ देर बाद नींद खुली तो देखा कि बाजू में रखा बैग गायब है। बैग में आधार कार्ड बनाने की आइरिस मशीन, आधार कार्ड की जीपीएस डिवाइस, मंत्रा एमएफएस एलवन डिवाइस, मोबाईल चार्जर, 10 वीं और 12 वीं कक्षा की मार्कशीट, आधार कार्ड, आधार सुपरवाईजर सार्टिफिकेट, यात्रा टिकिट, इस्तेमाली कपड़े, खाने पीने का सामान, बाटल व अन्य सामान रखा था।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**कार्यकारी संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022